अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज का अंक महिलाओं को समर्पित

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, रविवार, 08 मार्च 2026 | कृष्ण पक्ष-पंचमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 316 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

महिलाओं द्वारा संचालित और संपादित प्रदेश का पहला साप्ताहिक रहा है नव प्रदेश

सुनीता धोटे

7 जून 2010 से नव प्रदेश छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी दुर्ग से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक नव प्रदेश इस प्रदेश का (संभवतः देश का भी) पहला ऐसा साप्ताहिक अखबार रहा है जिसका संचालन और संपादन महिलाओं के हाथ में रहा। महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए संकल्पित साप्ताहिक नव प्रदेश ने अल्पकाल में ही अपनी विशिष्ट पहचान बना ली थी। इसका प्रत्येक अंक पठनीय ही नहीं बल्कि संग्रहणीय होता था। पाठकों का खासतौर पर महिलाओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद इसे मिलता रहा।

पहली बार इसके संपादकीय छत्तीसगढ़ी में लिखे और पढ़े जाते रहें है। हालांकि दैनिक होने के बाद भी नवप्रदेश का एक संपादकीय छत्तीसगढ़ी और दूसरा हिन्दी में हुआ करता था। साप्ताहिक को दैनिक करने के भी अनगिनत सुझाव मिले। नतीजतन 7 फरवरी 2012 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से दैनिक नव प्रदेश का प्रकाशन शुरू हुआ। अब तो दैनिक नव प्रदेश छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर, मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल व न्यायधानी जबलपुर के अलावा झारखंड की राजधानी रांची से भी प्रकाशित हो रहा है। नारी शक्ति द्वारा पुष्पित और पल्लवित नव प्रदेश रुपी पौधा आज विशाल वटवृक्ष बनने की दिशा में अग्रसर है यह हम सभी महिलाओं के लिए गर्व की बात है।

मै सुनीता धोटे साप्ताहिक नव प्रदेश की प्रधान संपादक और प्रकाशक रही हूं। सुपरिचित समाजिक कार्यकर्ता रहीं स्व. संगीता श्रीवास्तव इसकी संस्थापक संपादक थी। दीसी शिवारे प्रबंध संपादक और चैताली पाण्डेय तथा पूजा इंदौरिया सहायक संपादक रहीं हैं। प्रदेश के अधिकांश जिलों व ब्लाकों में महिलाएं ही साप्ताहिक नव प्रदेश का प्रतिनिधित्व करती थी। उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री डाक्टर रमन सिंह से हमारी टीम ने सौजन्य भेंट कर नव प्रदेश का संचालन और संपादन नारी शक्ति द्वारा किए जाने की जानकारी दी थी तो उन्होने हमारे प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए हमारी हौसला अफजाई की थी। यही नहीं बल्कि उन्होंने दो बार नव प्रदेश को साक्षात्कार भी दिया था।

साप्ताहिक नव प्रदेश ने प्रदेश की महिलाओं की समस्याओं को न सिर्फ प्रमुखता के साथ उठाकर उनके और सरकार के बीच सेतु बनने का कार्य किया बल्कि महिलाओं के हितों को सर्वोपरि रखा। हमारे इस कार्य की वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. विद्या चरण शुक्ल ने भी मुक्त कंठ से सराहना की थी जब उनसे संपादक संगीता श्रीवास्तव ने साक्षात्कार लिया था।

छत्तीसगढ़ की महिला जनप्रतिनिधियों के साक्षात्कार भी साप्ताहिक नव प्रदेश में नियमित कालम की तरह प्रकाशित होते थे। उस दौरान साप्ताहिक नव प्रदेश ने एक और नया प्रयोग किया था। इसमें छत्तीसगढ़ी भाषा में भी संपादकीय लिखी जाती थी। ऐसा करने वाला यह पहला अखबार था। छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति के विकास में भी साप्ताहिक नव प्रदेश ने यथेष्ट योगदान दिया।

छत्तीसगढ़ के कोने कोने में पहुँच कर नव प्रदेश साप्ताहिक ने अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई और लीक से अलग हटकर अपनी पृथक पहचान बनाई। आज दैनिक के रुप में भी नव प्रदेश अखबारों की भीड़ में अपनी अलग पहचान बना रहा है और प्रदेश की सीमा लांघकर पड़ौसी राज्यों मध्यप्रदेश व झारखंड में अपनी सार्थकता सिद्ध कर के दिखा रहा है तो इसका सारा श्रेय सुधि पाठकों को जाता है। जिनका स्नेहिल सहयोग हमारा संबल रहा है। दैनिक के रुप भी नव प्रदेश महिलाओं के हितों की रक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित है।

अपने हर स्थापना दिवस पर नारी शक्ति का सम्मान करना दैनिक नव प्रदेश कभी नहीं भूलता। भविष्य में भी यह परंपरा कायम रहेगी और महिलाओं के उत्थान में दैनिक नव प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। आप सभी का हमें पूर्ववत सहयोग मिलता रहेगा इसी विश्वास के साथ सभी पाठकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

कौन कहता है कि नारी कमजोर है।
उसके ही हाथों घर संसार की डोर है।

किसान कुंभ 2026 नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की 30 महिला कमाण्डो पद्मश्री शमशाद बेगम के नेतृत्व में लहरायेगी पचरम

किसान कुंभ 2026 में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र कि तीस महिला कमाण्डो अपनें कार्यो का परचम लहारायेंगीं स्वयं सेवी समाजिक महिला कमाण्डो राष्ट्रीय स्तर के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने कार्यो के आधार पर एक पहचान बना चुकी है। इनके गाँधीवादी तरिके से कार्य करने पर एकता, भाईचारा को बढ़ावा मिल रहा है। और लोग सुरक्षित महसूस कर रहे । इन्हें सभी वर्गो के लोगों का सहयोग मिलता है। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन इनके कार्य शैली से प्रभावित होकर इनका भरपूर समर्थन करते हुये इन्हें समय समय पर प्रशिक्षण एवं समाग्री प्रदान कर इनका हौसला बढाती है। किसान कुंभ 2026 को तीस एवं 31 मार्च को आई आई टी दिल्ली के कैम्पस में होने जा रहे हैं। इस कार्य क्रम पूरे भारत वर्ष से तीन हजार महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें से उन्नत भारत की सोच रखने वाली तीस महिला कमाण्डो को भी आमंत्रित किया गया है। जो सर्व महिला कमाण्डो के लिए अत्यंत गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ बालोद से पद्म श्री शमशाद बेगम, सरीता कंवर, चमेली साहू, भगवती साहू, ललीता, धनेशवरी,जामून, केशर, पुष्पा, जेवरतला विकास खंड गुण्डरदेही भीमेश्वरी सांडिल्य, सरस्वती साहू विकास खंड, बालोद। प्रेम बती यादव, चन्द्ररेखा, कल्याणी देशमुख दनिया,। खुमेशवरी दल्लीराजहरा। एवं सुभांगी मुले,विमल, सविता चौधरी, आशा येचनेस्कर, जय श्री पाल, आशा डंभारे, सोनू येचनेस्कर, प्रतिभा , वलनी। अनीता तरपटकर, पारडी। माधूरी खंडाला सालिनी डंभारे, सुमन, अनेजा एवं नेतृत्व योगेश अनेजा केशव डंभारे मोहम्द सैय्यद नागपुर महाराष्ट्र से प्रति भागी के रूप में यह संदेश लेकर जा रहें हैं । जल है तो कल है। जल ही जीवन है। बढ़ते हुए बोरवेल पर तत्काल अंकुश लगाया जाये। बोरवेल न होने पाये पुणर्त लगाते हुये सशक्त कानून बनाया जाये।

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ ल गढ़े बर अपन जीवन खपइया जम्मो दाई महतारी मन के दैनिक नव प्रदेश परिवार के वंदन हे अभिनंदन हे

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस म दैनिक नव प्रदेश ह आज के अंक ल माई लोगन ल समरपित करत हे। आज ये बतात हुए हमन ल अब्बड़ खुसी होवत हे के पन्दरह बच्छर पाछू जब नव प्रदेश ह छत्तीसगढ़ के संस्कारधानी दुरुग ले साप्ताहिक पेपर के रुप म छपना शुरू होए रिहिस त एखर संचालन ले संपादन तक के जम्मो काम माई लोगन मन करत रिहिस। कहि सकथन के नव प्रदेश माई लोगन के माई लोगन बर माई लोगन दुआरा छपइया प्रदेश के पहला अखबार रिहिस। नव प्रदेश ह आज दैनिक अखबार के रुप म तीन राज्य के पांच शहर ले छप के अपन अलग चिन्हारी बनावत हे त ओखर पाछू हमर दाई बहिनी मन के सबले बड़े योगदान हे जेमन एला जनम दिन, पालिन, पोसिन अउ उंगरी धर के चलना सिखोइन। नव प्रदेश अखबार सहिन नव प्रदेश छत्तीसगढ़ ल बनाए अउ संवारे के उदीम घलो हमर दाई महतारी मन करे हे। आज भी करत हे। छत्तीसगढ़ ल गढ़े म अपन सरवस्व होम करइया अइसन दाई महतारी के योगदान ल सुरता करे के आज सुग्घर दिन हे। नव प्रदेश परिवार एक नानकिन कोशिश करत हे। छत्तीसगढ़ महतारी के दुलौरीन बेटी मन के महिमा के बखान करके ओमन के वंदन अभिनंदन करत हे। ***ममता साहू***

छत्तीसगढ़ महतारी के मान बढ़इया वीरांगना बिलासा बाई केवटीन

छत्तीसगढ़ के इतिहास म अइसन बहुत अकन महिला मन के नाम दर्ज हे जेन ह अपन वीरता के कारण पहिचाने जाथे। इमे सबले आघु नाम आथे वीरांगना बिलासा बाई केवटीन के जेन ह अपन साहस अउ वीरता ले छत्तीसगढ़ महतारी के मान बढ़ाए हे। ओखर नाम ले ही वो समय के राजा कल्याण साय ह वो ल जागीर दे के ओखर नाम बिलासपुर रखे रिहिस। एक घांव बिलासा बाई राजा के जान बचाए रिहिस। तलवारबाजी, तीरंदाजी भाला फेंक अऊ नाव चलाए म पारंगत बिलासा देवी एक युद्ध म अपन पति बंशीलाल के शहीद होए के बाद खुदे लड़ाई के मैदान म उतर गे रिहिस अउ लड़त लड़त वीरगति ल प्राप्त होए रिहिस। ओखर स्मृति ल संजोए बर छत्तीसगढ़ सरकार हर साल मछरी पालन बर एक लाख रुपिया के बिलासा बाई केवटीन पुरस्कार देथे। ओखर सम्मान में बिलासपुर एयरपोर्ट के नाम बदल के बिलासा बाई केवटीन हवाई अड्डा रखे गे हे। बिलासपुर के शनीचरी बाजार म ओखर आदमकद प्रतिमा लगे हे अउ पछरी घाट म ओखर समाधि बने हे जहाँ ओला देवी के रुप म पूजे जाथे।

छत्तीसगढ़ के पहिली महिला सांसद मिनी माता ह दिखाइस नवा रद्दा

देश ल आजादी मिले के बाद पहिली घांव होइस लोकसभा चुनाव 1952 म मिनी माता ह सांसद चुने गीस। छत्तीसगढ़ के इतिहास म ओखर नाम इहां के पहिली महिला सांसद के रुप म लिखा गे। वो ह सरलघ पांच घांव सांसद बनीस। 11 अगस्त 1972 म एक विमान दुरघटना म ओखर दुखद निधन हो गे। अपन कार्यकाल म मिनी माता संसद म छत्तीसगढ़ के विकास बर अपन आवाज उठावत रिहिस। संगे संग समाज सुधार के काम घलो करत रिहिस। तेखरे सेति वोला ममतामयी मिनी माता के रूप म नवा पहिचान मिलिस। वो ह अपन पूरा जिनगी दलित, पिछड़ा अउ महिला मन के उत्थान म लगा दीस अउ सब ल नवा रद्दा दिखाइस। मिनी माता जेखर असली नाम मिनाक्षी देवी रिहिस ओखर बिहाव सतनाम पंथ के गुरु आगम दास संग 1932 म होई रिहिस। असम के नवा गांव के रहवइया मिनाक्षी देवी बिहाव के बाद छत्तीसगढ़ म रच बस गीस। अउ मिनी माता के रुप म अपन अलग पहिचान बनाइस। छत्तीसगढ़ ल घलो नवा पहिचान दीस। ओखर सबले बड़े योगदान ये रहिस के छूआछूत दूर करे बर संसद मे अस्पृश्यता निवारण अधिनियम ल पारित कराए म सबले बड़े भूमिका निभाए रिहिस। मिनी माता के सुरता ल बनाए रखे बर ओखर स्मृति म कई काम होए हे फेर अउ ज्यादा करे के जरुरत हे।

जब तक सूरज चांद रिही बिन्नी बाई सोनकर के नाम रिही

छत्तीसगढ़ के भुईंया म कई झन दानवीर होए हें फेर बिन्नी बाई सोनकर जइसन दानवीर न होए हे न हो ही। जेन ह अपन पूरा जिनगी एक झोपड़ी म गुजार दीस अउ सब्जी बेचे के काम ले जो भी कमाइस वो ल दान कर दीस। इहां तक के अपन पैतृक संपत्ति ल घलो बेच के स्कूल अउ धर्मशाला बनवा दीस। सिरतोन म अइसन दानवीर शायद ही कोनो हो ही। खुद बिन्नी बाई अनपढ़ रिहिस फेर गरीब लइका मन के पढ़े बर अपन पैतृक जमीन ल स्कूल बर दान कर दीस अउ भवन निर्माण कराइस। मेकाहारा में गरीब मरीज के परिजन ल आसरा देय बर धर्मशाला बनवा दीस। अउ कई दान पुन के काम बिन्नी बाई सोनकर करे हे। ओखर दानशीलता ल देख के समाज अउ सरकार ह बिन्नी बाई सोनकर ल नगर माता के दरजा दे हे। यदि ये कहे जाए त कोई अतिश्योक्ति नइ हो ही- जब तक सूरज चांद रही, बिन्नी बाई सोनकर के नाम रही।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नव प्रदेश का नवाचार

संगे-संग ये महिला मन बढ़ावत हे छत्तीसगढ़ के मान

एखर अलावा नव प्रदेश छत्तीसगढ़ ला सवारे के काम में अऊ कई झन महिला मन के अब्बड़ योगदान हे। ये म प्रमुख हे पण्डवानी गायिका पद्मश्री तीजन बाई, महिला सशक्तिकरण बर समर्पित पद्मश्री शमशाद बेगम, लोक गायिका पद्मश्री उषा बारले, हाकी के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी पद्मश्री सबा अंजुम, बैटमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप। संगे संगे राजनीति अऊ सामाजिक क्षेत्र म सक्रिय छत्तीसगढ़ के महिला अऊ बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय, राज्यसभा सदस्य फूलोदवी नेताम, राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, भावना बोहरा के अलावा रायपुर के महापौर मीनल चौबे, दुरूग के महापौर अलका बाघमार, बिलासपुर के महापौर पूजा विधानी ह अपन प्रदेश अऊ नगर के मान बढ़ावत हे। आईएएस अधिकारी के रूप में रीना कंगाले तथा आईपीएस अधिकारी के रूप म अंकिता शर्मा अऊ कई झन महिला अधिकारी प्रशासनिक क्षेत्र में अपन क्षमता दिखावत हे।

सशक्तिकरण की राह पर बढ़ती बिलासपुर की महिलाएं, योजनाओं ने बढ़ाया आत्मविश्वास

बिलासपुर/नवप्रदेश। *बदलते दौर में महिलाएं अब केवल घर की जिम्मेदारियोंद तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज और विकास की मजबूत भागीदार बनकर उभर रही हैं। जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन, सामाजिक भागीदारी और मातृत्व सम्मान को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाएं और पहलें संचालित की जा रही हैं। इन प्रयासों से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और जीवन के हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।*

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सामूहिक गतिविधियों और संवाद

का मंच प्रदान करने के लिए महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में 11 महतारी सदनों की स्वीकृति दी गई थी, जिनमें से 8 का निर्माण पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण किए जाएंगे। इसके अलावा वर्ष 2025-26 में 9 और महतारी सदनों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से अधिकांश कार्य प्रगति पर हैं। महिलाओं और बालिकाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बिलासा गर्ल्स कॉलेज मैदान में प्रदेश का पहला पिंक प्ले ग्राउंड विकसित किया गया है।

मातृत्व वंदना योजना संचालित

गर्भवती एवं धात्री माताओं के पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रथम संतान के जन्म पर महिलाओं को दो किश्तों में 5 हजार रुपये तथा द्वितीय बालिका संतान के जन्म पर 6 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। अप्रैल 2024 से दिसंबर 2025 तक जिले में 22 हजार 392 हितग्राहियों को लगभग 10 करोड़ 78 लाख 78 हजार रुपये की राशि से लाभान्वित किया जा चुका है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना भी प्रभावी रूप से लागू है। इस योजना के तहत जिले की लगभग 4 लाख 20 हजार महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में दी जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

कलेक्टोरेट परिसर में 'वात्सल्य कक्ष' की शुरुआत

मातृत्व और कार्य के बीच संतुलन के लिए वात्सल्य कक्ष महिलाओं के मातृत्व और कार्यस्थल के बीच संतुलन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने कलेक्टोरेट परिसर में 'वात्सल्य कक्ष' की शुरुआत की है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 को प्रारंभ किए गए इस कक्ष में महिला कर्मचारियों के छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित और स्नेहिल वातावरण उपलब्ध कराया गया है। यहां बच्चों के लिए खिलौने, शैक्षणिक सामग्री और आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बच्चों की देखरेख करती हैं, जिससे महिला कर्मचारी निश्चिंत होकर अपने कार्यों का निर्वहन कर पा रही हैं। इन योजनाओं और पहलों के माध्यम से बिलासपुर जिले में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य सुरक्षा, आर्थिक संबल, सामाजिक मंच और मातृत्व सम्मान मिलने से महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

न्यूज गैलरी

भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव बने कलेशवर

बिलासपुर/नवप्रदेश। भीम आर्मी छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष दिनेश आजाद एवं प्रदेश सह प्रभारी मनोज बंजारे के मार्गदर्शन मे प्रदेश स्तरिय बैठक रखा गया जिसमें समीक्षा किया गया। प्रदेश कमेटी की सर्व सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य से पदोन्नति कर भीम आर्मी छत्तीसगढ़ का महासचिव नवीन दायित्व कलेशवर खूंटे को दी। भीम आर्मी द्वारा लगातार युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। कलेशवर खूंटे जी की नियुक्ति भी इसी दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है इससे पहले वे जांजगीर जिला का चार वर्ष जिलाध्यक्ष पद पर रहकर कई कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं संगठन को उम्मीद है कि वह संगठन को और मजबूती करेंगे यह नियुक्ति भीम आर्मी की सांगठनिक मजबूती की दिशा में कार्य करेंगे। कलेशवर खूंटे की नियुक्ति के बाद क्षेत्र के भीम आर्मी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है प्रदेश और जिला स्तर में नई दिशा मिलेगी और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा।

सोलापुरी माता पूजा महोत्सव 22 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री श्री सोलापुरी माता पूजा समिति, शुभम् विहार हरदी रोड, सिरगिट्टी द्वारा श्री श्री सोलापुरी माता पूजा महोत्सव का आयोजन 22 से 29 मार्च तक पूजा स्थल शुभम् विहार, सिरगिट्टी में किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में 22 मार्च को प्रातः 10 बजे - राटा पूजा (प्रारंभिक पूजा), 23 मार्च को सायं 6 बजे माता का आगमन एवं नगर परिक्रमा यह शोभायात्रा- त्रिपुर सुंदरी मरी माई मंदिर से प्रारंभ होकर नगर परिक्रमा करते हुए पूजा पंडाल शुभम् विहार, सिरगिट्टी पहुंचेगी। 27 मार्च को प्रातः 9 बजे सुहागिन महिलाओं के लिए कुमकुम पूजा का आयोजन, 29 मार्च को दोपहर 12:30 बजे - देवी मां की महा खुंभम पूजा एवं अन्नदान, भंडारा, तदपच्यात सायं 7 बजे - माता विसर्जन शोभायात्रा जो कि पूजा पंडाल शुभम् विहार, सिरगिट्टी से नगर परिक्रमा करते हुए त्रिपुर सुंदरी मरी माई मंदिर, न्यू लोको कॉलोनी बिलासपुर में संपन्न होगी। साथ ही 22 मार्च से 29 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे माता की पूजा आरती एवं भोग प्रसाद तथा रात्रि 8 बजे आरती एवं भोग प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस महोत्सव के दौरान बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश एवं बिलासपुर शहर के कलाकारों द्वारा भक्ति एवं सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे कार्यक्रम और अधिक आकर्षक एवं भव्य बनेगा।

विभागीय जांच मामले में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

दंडित किए बिना शासकीय कर्मी को सेवानिवृत्ति लाभ से नहीं किया जा सकता वंचित : हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। *विभागीय जांच में दण्डित किए बगैर सेवानिवृत्ति लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है। इस आशय का निर्देश देते हुए हाईकोर्ट ने रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल के मामले में पेंशन कमेटी के आदेश को रद्द कर समस्त सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने का आदेश जारी किया है।*

याचिकाकर्ता मीरा वर्मा के पति जी एस वर्मा जवाहरलाल नेहरु महाविद्यालय सक्ती से प्रिंसिपल के पद से 30 नवंबर 2009 को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति उपरांत सेवा लाभ न मिलने पर उनके द्वारा उच्च स्तरीय पेंशन कमेटी के समक्ष याचिका दायर की गई। उच्च स्तरीय पेंशन समिति ने सेवानिवृत्ति लाभ हेतु जी एस वर्मा का आवेदन खारिज कर दिया। समिति ने यह आधार लिया कि आवेदक के विरुद्ध ऑडिट आपत्ति दर्ज होने से सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया जा सकता। वर्मा के स्वर्गवास के पश्चात उनकी ओर से मीरा वर्मा द्वारा उच्च न्यायालय में अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से याचिका दायर की गई।याचिका में बताया गया कि केवल आडिट आपत्ति के आधार पर सेवानिवृत्ति लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता, जीएस वर्मा के विरुद्ध विभागीय जाँच संस्थित नहीं की गई। विधिवत आरोप पत्र नहीं दिया गया और न ही उनके विरुद्ध

जांच में दोषसिद्धी जरुरी

याचिका में नोटिस जारी किया गया तथा शासन के जवाब प्रस्तुत करने पर प्रकरण की अंतिम सुनवाई की गई। उच्च न्यायालय ने समग्र विचारोपरांत यह आदेश दिया कि, किसी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति लाभ से तब तक वंचित नहीं किया जा सकता जब तक उसे विधिवत संस्थित विभागीय जांच में दोषसिद्ध नहीं किया जाए इसके साथ ही कोर्ट ने पेंशन कमेटी के आदेश को रद्द कर समस्त सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने का आदेश पारित किया है।

चीफ जस्टिस ने हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ के टेलीफोन डायरेक्ट्री का उद्‌घाटन किया

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ बिलासपुर द्वारा पूर्व कार्यकारणी वर्ष 2025 के द्वारा बनाई गई टेलीफोन डायरेक्टरी का उद्धाटन नवीन सभागार भवन में मुख्य न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल तथा संजय एस अग्रवाल की उपस्थिति रही, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सहित निवर्तमान सचिव वरुणेंद्र मिश्रा, समीर सिंह, ईश्वर जायसवाल, शुभम वर्मा सहित पूर्व कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रजनीश सिंह बघेल एवं संपूर्ण कार्यकारिणी के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज परांजपे, आशीष श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, हरिशंकर पटेल, धर्मेश श्रीवास्तव, अमित सिंह, मैडम नीलू सिंह, मधुनिशा सिंह, संध्या राव, गगन तिवारी, रतन पुष्टि एवं अन्य अधिवक्ताओं के साथ ही उच्च न्यायालय रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों की उपस्थित रही। इस तारतम्य में कई अधिवक्ता साथियों का जिन्होंने ने अधिवक्ता संघ के हित में कुछ योगदान रहा उनका सम्मान मोमेंटो प्रदान कर किया गया एवं संघ कार्यालय में कार्यरत लिपिक रफीक खान को भी विदाई कर सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का समापन आभार गौतम खेत्रपाल उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) के द्वारा किया गया।

मां डिडिनेश्वरीं मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां शुरु

मल्हार/नवप्रदेश। माँ डिडिनेश्वरीं देवी मंदिर में बासंती चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी जोर शोर से चल रही है। ज्योतिकलश कक्षो की सफाई के अलावा परिसर में रंग रोहन का कार्य अंतिम चरण में है वही नवरात्र के दौरान परिसर को भव्य बनाने आकर्षक लाइट व झालर लगाए जा रहे है। पिछले दिनों हुई ट्रस्ट की बैठक में सभी सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियां सौप दी गई है। कार्यालय प्रभारी जतन कैवर्त ने बताया कि इस वर्ष 19 से 27 मार्च तक नवरात्र अनुष्ठान होंगे इस दौरान मंदिर में पंडित नरेश पांडेय दुर्गासिप्तसती पाठ के अलावा सभी नवरात्र अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। ट्रस्ट ने इस बार 751 रुपये तेल, 1851 रुपये घृत ज्योतिकलश तथा 1751 रुपये जंवारा के लिए निर्धारित की है। ज्योतिकलश की रसीद काटने वाले प्रेरको के पास रसीद बुक भेज दी गई है जो मनोकामना के लिए दीप प्रज्वलित करने रसीद बनाकर कार्यालय भेजेंगे इसके अलावा मंदिर कार्यालय में रसीद कटवाया जा सकता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने बताया कि इस बार नवरात्र में 3 हजार से ज्यादा मनोकामना के ज्योत जलेंगे। नवरात्र के दौरान सम्पूर्ण नवरात्र पूजन के अलावा जसगीत, झांकी, रामायण, कीर्तन भजन रात्रिकालीन कार्यक्रम मंदिर परिसर में होंगे।

लोगों को दिया सामाजिक समरसता का संदेश

मल्हार/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जोंधरा में गायत्री शक्ति परिवार के तत्वावधान में आदर्श होली उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ किया गया। आयोजन लतेल यादव व पिंकी यादव व सनातन प्रेमियों के सहयोग से लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों ने होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों ने मिलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक समरसता व संगठन की मजबूती का संकल्प लिया।

घरेलू गैस 60 व कमर्शियल सिलेंडर 115 रुपए महंगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। *घरेलू रसोई गैस के दाम में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए और 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 115 रुपए की वृद्धि कर दी है। नई दरें 7 मार्च से देशभर में लागू हो गई हैं।*

कीमतों में बढ़ोतरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का रेट 853 रुपए से बढ़कर 913 रुपए प्रति सिलेंडर हो गया है। वहीं 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1,764 रुपए से बढ़कर 1,883 रुपए हो गई है। तेल कंपनियों की ओर से जारी संशोधित दरों का असर छत्तीसगढ़ के शहरों में भी दिखाई देने लगा है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई सहित राज्य के अधिकांश शहरों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब 60 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नई दरें लागू होने के बाद 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर अब बिलासपुर में भी घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 960 पर पहुंच गई है। गैस एजेंसियों के अनुसार उपभोक्ताओं को बुकिंग और डिलीवरी के समय लगभग 980 से 990 रुपए के बीच भुगतान करना पड़ सकता है। राज्य के अलग-अलग शहरों में परिवहन शुल्क और स्थानीय करों के कारण कीमतों में कुछ रुपए का अंतर संभव रहता है। घरेलू सिलेंडर के साथ-साथ 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपए की वृद्धि की गई है। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग होने वाले इस सिलेंडर के दाम बढ़ने से व्यापारिक प्रतिष्ठानों की लागत पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

पिछले साल भी बढ़े थे दाम

इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। उसके बाद कई महीनों तक कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। अब मार्च 2026 में फिर से 60 रुपए की वृद्धि के साथ घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव दर्ज किया गया है। देशभर में लागू नई दरों के साथ अब उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए पहले की तुलना में अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है।

राज्य महिला आयोग की महा जनसुनवाई 10 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से महा जन-सुनवाई सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 10 मार्च को संभाग स्तर पर महा जन-सुनवाई आयोजित की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक (कैबिनेट मंत्री दर्जा) की अध्यक्षता में गठित न्यायपीठ की उपस्थिति में यह जन-सुनवाई प्रातः 9 बजे से सभाकक्ष प्रार्थना भवन, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर में आयोजित होगी। इस अवसर पर आयोग की सदस्य सरला कोसरिया एवं सुश्री दीपिका शोरी भी उपस्थित रहेंगी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अधिनियम की धारा 10(3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार बिलासपुर संभाग के जिलों से प्राप्त महिलाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतों की सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही जन-सुनवाई में उपस्थित होकर पीड़ित महिलाएं नए प्रकरण भी दर्ज करा सकेंगी।

36 वां बिलासा महोत्सव 14 से, करमा, ददरिया, गम्मत के साथ 50 वाद्ययंत्रों की होगी प्रस्तुति

बिलासपुर/नवप्रदेश। 37 वर्ष से लगातार छत्तीसगढ़ की संस्कृति साहित्य कला जल पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन हेतु बिलासपुर की अग्रणी संस्था बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित 36 वां बिलासा महोत्सव 14 एवं 15 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर गोलबाजार बिलासपुर में आयोजित होगा। बिलासा कला मंच के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि लोक कला को मंच मिले उनका संरक्षण हो इस उदेश्य से बिलासा महोत्सव का आयोजन हर वर्ष तीन दिन का किया जाता रहा है जो वर्तमान में दो दिन किया गया है। 14 मार्च को रात 7 बजे महोत्सव शुरू होगा जिसमें रायपुर के लोककलाकर गौतम चौबे एवं साथी कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति ददरिया, नाचा की प्रस्तुति के साथ राजनांदगांव की लोक कलाकार हिमानी वासनिक एवं साथी कलाकारों द्वारा भर्तृहरि गायन की सुंदर प्रस्तुति के बाद बिलासपुर के लोक कलाकार रामावतार चंद्राकर और साथी कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत संगीत नृत्य का रंगझाझर प्रस्तुति देने के साथ ही वी एम स्कूल सिरगिट्टी के बच्चों द्वारा समूह नृत्य होगी। महोत्सव के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर होंगे, अध्यक्षता अटल श्रीवास्तव विधायक कोटा, विशिष्ट अतिथि डॉ रजनीश पांडेय प्रदेश सहसंयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर बिलासा लोककला सम्मान लोक गायिका हिमानी वासनिक राजनांदगांव को बिलासा साहित्य सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार नंदराम यादव मुंगेली को बिलासा सेवा सम्मान समाजसेवी ईश्वर श्रीवास ग्राम जोंधरा को दी जाएगी। वही लेखक, पत्रकार सुरेश सिंह बैस द्वारा लिखित किताब बोलती परछाइयां का विमोचन होगा। बिलासा महोत्सव का समापन रविवार 15 मार्च को रात 7 बजे होगा जिसमें बालोद के लोक कलाकार संजू सेन और साथी कलाकारों द्वारा 50 से ऊपर वाद्य यंत्रों के साथ लोकसंगीत की प्रस्तुति होगी।

योजनाः हौसलों को मिली उड़ान, सरकार की योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आ रही बदलाव

ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपने हौसलों और आत्मविश्वास की बदौलत आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है, अब न केवल शहरी महिलाएं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता की नई राह मिली है जिससे वे अपना जीवन संवार रही है और अन्य महिलाओं के लिए मिसाल बन रही है। आज ग्रामीण और आदिवासी अंचलों की महिलाएं आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इन योजनाओं की बदौलत अब महिलाएं न केवल परिवार की जिम्मेदारियों को निभा रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं। अब वे घर के जरूरी खर्चों के साथ

बच्चों की जरूरतों को भी आसानी से पूरा कर पा रही हैं। इसी तरह ग्राम सिलपहरी की उर्वशी भानू भी इस योजना से लाभान्वित होकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। वे बताती हैं कि यह राशि उनके लिए किसी सहारे से कम नहीं है और इससे बच्चों की पढ़ाई और घर के छोटे-मोटे खर्च पूरे करने में मदद मिलती है, साथ ही वे स्व सहायता समूह से जुड़कर टेंट का व्यवसाय भी कर रही हैं जिससे उनकी आमदनी बढ़ी है।

सरकारी योजनाओं से मिल रहा संबल

महिलाओं के हौसलों और सरकारी योजनाओं से मिले संबल से अब ग्रामीण महिलाओं का जीवन बदल रहा है और इस बदलाव से न केवल उनका जीवन संवर रह है बल्कि इस बदलाव का सकारात्मक प्रभाव परिवार समाज और देश पर भी पड़ रहा है, अब सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचकर महिलाओं का जीवन बेहतर बना रही हैं। महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना जैसी पहल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है सरकारी योजनाओं के सहयोग और अपनी मेहनत ,हौसलों के दम पर ग्रामीण महिलाएं सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं। इन योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि सरकार की इन योजनाओं ने उन्हें सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। जिले के कोटा विकासखंड के विचारपुर पंचायत के आश्रित ग्राम जुरेली की सुशीला बाई की जिंदगी में भी सरकारी योजना ने नई उम्मीद जगाई है। पहले सीमित आय के कारण परिवार की जरूरतें पूरी करना उनके लिए मुश्किल होता था, लेकिन स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्हें न केवल आजीविका के साधन मिले हैं साथ ही आत्मविश्वास का भी संचार हुआ है।

कोसा व सूती हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला हथकरघा कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन 8 मार्च से 15 मार्च तक राघवेंद्र राव सभा भवन, कंपनी गार्डन के पास बिलासपुर में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ 8 मार्च को शाम 4 बजे नगर निगम बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक हथकरघा वस्त्रों की उत्कृष्ट कारीगरी और विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के हथकरघा बुनकरों को उनके उत्पादों के विपणन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना तथा आम नागरिकों को पारंपरिक हथकरघा वस्त्रों से सीधे जोड़ना है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं के सुझावों के आधार पर नए डिजाइनों के विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही बुनकरों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी तथा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रदर्शनी में रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, चंद्रपुर, धुरी, सिवनी, रामटेला, लोफंदी, बिलाईगढ़ और सोमाडीह जैसे कोसा एवं सूती उत्पादक क्षेत्रों के बुनकर समितियों और प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

बिलासपुर, रविवार, 08 मार्च 2026 | कृष्ण पक्ष-पंचमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 316 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

टी-20 विश्व कप 2026 फाइनल: हिस्ट्री डिफिट और रिपीट करने का सुनहरा मौका

नितेश छाबड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। अहमदाबाद में टी20 विश्व कप फाइनल भारतीय टीम के लिए इतिहास को सुनहरे पन्नों पर दर्ज करने का एवं इतिहास को हराने का भी सुनहरा अवसर होगा। अभी तक टी20 विश्व कप के 9 संस्करण में एक बार भी ऐसा नही हुआ है कि किसी टीम ने अपनी मेजबानी में कप उठाया हो, साथ ही यह ही दोहराव अभी तक नही हुआ है कि डिफेंडिंग चैंपियन टीम ने अपने खिताब का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संजू एक्स फैक्टर

टीम में टॉप आर्डर में विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए अभिषेक शर्मा पर निर्भर थी और संजू सैमसन का प्लेइंग 11 में कही स्थान नही था पर टॉप आर्डर में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता की वजह से टीम संयोजन को दुरुस्त करने दाएं बाएं बल्लेबाज़ आजमाने के लिए संजू की टीम में फिर से वापसी हुई और यहां से संजू ने जो फॉर्म पकड़ा है वह उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज़ों की फेहरिस्त में शामिल कर दिया है।

बुमराह का 'डेथ' जाल

जसप्रीत बुमराह की सटीक यॉर्कर और धीमी गेंदे अहमदाबाद की पिच पर कीवी बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होंगी।

बादशाहत बरकरार रखने की चुनौती: कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में सही समय मे अपने फॉर्म को पाने में कामयाब रही है हालांकि टीम की शुरुआत अच्छी नही हुई थी और सुपर 8 के पहले मुक़ाबले में भी दक्षिण अफ़्रीका से एकतरफ हार का सामना करना पड़ा था पर उसके बाद टीम ने पहले जिम्बाब्वे, फिर वेस्टइंडीज को पटखनी देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई उससे यह साफहो गया कि टीम अपने पुराने फॉर्म को हासिल कर चुकी है और यही फॉर्म इंग्लैंड के विरुद्ध सेमीफाइनल में भी जारी रहा, जहाँ टीम ने फ्लैट विकेट में इंग्लैंड के पलटवार पर डटकर सामना किया और कठिन समय मे भी टीम का विश्वास नही डगमगाया और टीम ने इंग्लैंड को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

नवप्रदेश के विशेष खेल संवाददाता नितेश फाइनल मैच कवर करने अहमदाबाद रवाना

कवर्धा/नप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के ख्यात क्रिकेट कमेंटेटर एवं नवप्रदेश के खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा आज 8 मार्च रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को कवर करेंगे। यह मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 6 बजे से आरंभ होगा। इस मैच को कवर करने के लिए नितेश कल शनिवार की शाम की फ्लाइट से रायपुर से अहमदाबाद के लिए रवाना हुए हैं। ज्ञात हो कि नितेश छत्तीसगढ़ के कुछ गिने चुने खेल समीक्षकों में हैं, जिन्हें आईसीसी से कवरेज के लिए आधिकारिक स्वीकृति मिली है।

इसके पूर्व वे 2023 में अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच अधिकृत रूप से कवर कर चुके हैं। कवरेज के दौरान उन्होंने देश विदेश के अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात की है। इसके अलावा 2024 में रायपुर में खेले गए छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग, राजनांदगांव में रानी सूर्यमुखी देवी क्रिकेट स्पर्धा सहित कवर्धा प्रीमियर लीग व भोरमदेव प्रीमियर लीग में कमेंट्री कर चुके हैं। इन स्पर्धाओं में उनकी कमेंट्री को पर्याप्त सराहना मिली है। आकाशवाणी व दूरदर्शन रायपुर से उनकी कई खेल समीक्षाएं व साक्षात्कार भी प्रसारित हो चुके हैं। नितेश की इस उपलब्धि पर मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

आज बेबाक

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ही हमें नारीशक्ति की भक्ति सूझती है। बाकी 364 दिन महिलाओं के प्रति हमारी सोच वैसी ही रहती जैसी हिंदी फिल्में देखकर बनी है। फिल्मकारों ने नारी प्रधान फिल्मों में महिलाओं को दुखी आत्मा बनाकर रख दिया है। दुनिया में आए हैं तो जीना ही पड़ेगा जीवन है अगर जहर तो पीना ही पड़ेगा... से लेकर - जो दुख से घबरा जाए वो नहीं हिंद की नारी.. तक ऐसे दर्द भरे गाने बनाए हैं कि भारतीय महिलाओं ने मान लिया है कि - कटेगी ये जिंदगी रोते-रोते..। इस सोच से मातृ शक्ति बाहर निकलेगी तभी नया इतिहास गढ़ेगी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: रायपुर में 'लखपति दीदी संवाद' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय हुए शामिल

छत्तीसगढ़ की महिलाएं आत्मनिर्भरता और नवाचार से बना रही नई पहचान: साय

■ **लखपति दीदी अभियान से छत्तीसगढ़ की महिलाएं लिख रही समृद्धि की नई कहानी: विष्णुदेव साय**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता, मेहनत और नवाचार के बल पर नई पहचान बना रही हैं और हमारी सरकार उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का निवास होता है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं घरों तक सीमित रहती थीं, लेकिन आज प्रदेश की महिलाएं स्व सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन से पैसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के लोगों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है और इनके निर्माण में बिहान की दीदियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को 24 किश्तों में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

5 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना से प्रदेश की 5 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और अब लखपति दीदी भ्रमण योजना शुरू कर उन्हें देश-प्रदेश के व्यावसायिक केंद्रों और शक्ति पीठों का भ्रमण कराया जाएगा। पंचायत विभाग द्वारा 250 महतारी सदनों का निर्माण, आंगनबाड़ी संचालन और पोषण योजनाओं के लिए भी इस वर्ष के बजट में प्रावधान किया गया है। बालिकाओं को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए रानी दुर्गावती योजना शुरू की जाएगी।

सीएम ने किया लखपति दीदी ग्राम पोर्टल का शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है। एक नारी शिक्षित होती है तो दो परिवार और पूरा समाज शिक्षित होता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने लखपति दीदी आधारित कॉफी टेबल बुक तथा छत्तीसकला आधारित ब्रांड बुक का विमोचन किया और लखपति दीदी ग्राम पोर्टल का शुभारंभ किया।

लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी लखपति दीदियों से पूरे प्रदेश की माताओं-बहनों को प्रेरणा मिल रही है और अब हमारा लक्ष्य लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाना है। आज शुरू हुई बकरी पालन क्लस्टर परियोजना से प्रदेश में बकरी पालन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना और आईआईएम रायपुर के साथ एमओयू से स्व-सहायता समूहों की आमदनी बढ़ेगी। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में माताओं-बहनों की बड़ी भूमिका होगी।

4.18 करोड़ के इनामी 130 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

■ **एके-47, एलएमजी समेत 104 हथियारों के साथ सरेंडर**

■ **सरेंडर करने वाले में कई बड़े कैडर के इनामी माओवादी**

■ **तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में किया सरेंडर**

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नक्सल प्रभावित इलाकों में माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। शनिवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में बड़ी संख्या में माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया। 130 माओवादियों पर 4 करोड़ 18 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

जानकारी के मुताबिक अलग-अलग स्तर के करीब 130 माओवादियों ने सरेंडर किया, जिनमें पीएलजीए कमांडर टीम के सदस्य भी शामिल हैं। समर्पण के दौरान माओवादियों से एके-47, इंसास, एसएलआर समेत 100 से ज्यादा हथियार भी बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि सरेंडर करने वालों में अधिकांश छत्तीसगढ़ के बीजापुर और आसपास ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हैदराबाद में हुआ सरेंडर कार्यक्रम

सरेंडर करने वाले ज्यादातर माओवादी कैडर छत्तीसगढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए थे। यह आत्मसमर्पण कार्यक्रम हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित आईसीसीसी सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तेलंगाना सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवन्थ रेड्डी ने मीडिया को संबोधित किया, जिसमें सरेंडर करने वाले माओवादियों और सरकार की नक्सल नीति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ (ए.)। यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरी थी। 15 मिनट बाद ही हेलिकॉप्टर का डिस्प्ले अचानक बंद हो गया। अंदर धुआं भरने लगा। पायलट ने तुरंत लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को सूचना दी। इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी।

डेरा प्रमुख राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में बरी

चंडीगढ़/ए.। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल छ्क्कद्भ कोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी।

'दुर्भाग्य है... धर्मयुद्ध के लिए निकलना पड़ रहा'

■ **जिंदा हिंदू लखनऊ चलें- लिखे पोस्टर बांटे**

■ **अविमुक्तेश्वरानंद लखनऊ में गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा करेंगे**

वाराणसी (ए.)। बहुत दुर्भाग्य की बात है कि धर्म युद्ध के लिए निकलना पड़ रहा है। अपने ही देश में, अपने ही वोट से चुनी सरकार के सामने, अपनी ही गौ-माता को बचाने के लिए हम लोगों को आंदोलन करना पड़ रहा है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने ये बातें काशी में लखनऊ रवाना होने से पहले शनिवार को कही।

शंकराचार्य ने इस आंदोलन को 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा' का नाम दिया। वह 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे। यहां हजारों संतों की मौजूदगी में सभा करेंगे। इसमें सरकार से गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करेंगे।

शंकराचार्य ने 30 जनवरी को योगी सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने तब कहा था- गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें। वरना आंदोलन करेंगे। शंकराचार्य काशी से जौनपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर होते हुए 5 दिन बाद लखनऊ पहुंचेंगे।

यात्रा में 20 से अधिक गाड़ियां हैं। 500 से अधिक श्रद्धालु साथ हैं। इस दौरान लोगों को पोस्टर बांटे गए। इनमें लिखा है- जिंदा हिंदू लखनऊ चलें। इससे पहले, शंकराचार्य सुबह 8.30 बजे मठ से निकलकर गौशाला पहुंचे। गाय की पूजा की। फिर पालकी पर सवार हुए। मठ से 300 मीटर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बजट सत्र कल से, पहले दिन आएगा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली (ए.)। संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें, क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है।

अफीम की खेती देखने पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश

■ **इधर भाजपा ने विनायक ताम्रकार को किया पार्टी से निलंबित**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में अफीम की अवैध खेती करने का मामला अब सियासी रंग लेने लगा है। मामले में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार की संलिप्तता सामने आने के बाद पार्टी ने उसे जहां तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अफीम की खेती देखने गांव पहुंच गए। कुल मिलाकर अफीम की खेती ने दुर्ग के साथ-साथ प्रदेश में सियासी पारा चढ़ा दिया है। दुर्ग कलेक्टोरेट से महज ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर किया हमला

अफीम की खेती की जानकारी मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने समर्थकों के साथ समोदा पहुंचे। खेतों में जाकर अफीम की खेती का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष चीफ दीपक बैज ने अफीम की खेती पर भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि विनायक चंद्राकर राइस मिल्स प्रसंस्करण के संयोजक हैं। प्रदेश के पदाधिकारी हैं। किसान मोर्चा प्रदेश के अध्यक्ष रह चुके हैं। प्रदेश और केंद्र के नेताओं के साथ उनकी तस्वीर है। अफीम की खेती कर सरकार क्या संदेश देना चाहती है।

गरमा-गरम

सफलता: यूपीएससी परीक्षा में 35वीं रैंक प्राप्त करने वाली वैभवी अग्रवाल को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं: साय

रायपुर/नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 35वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री वैभवी अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री वैभवी को मिठाई खिलाकर उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुश्री वैभवी अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वैभवी की यह सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां यह संदेश देती हैं कि कड़ी मेहनत और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूपीएससी टॉपर्स से मुख्यमंत्री ने की बात, साय बोले- प्रदेश को आप पर गर्व

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में

सफल छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थियों से वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद कर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान खरसिया (रायगढ़) निवासी रौनक अग्रवाल, रायपुर निवासी संजय डहरिया, धमतरी जिले के परसवानी निवासी डायमंड सिंह ध्रुव तथा एमसीबी जिले के जनकपुर निवासी सुश्री दर्शना सिंह से बातचीत की। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके परिवारजनों से भी संवाद करते हुए इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

घरेलू सिलेंडर के दाम 60 और कॉमर्शियल के 115 रुपए बढ़े

■ **ईरान जंग से रसोई गैस की किल्लत की आशंका, सरकार का एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश**

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की एलपीजी गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है।

इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था। यानी ये बढ़ोतरी करीब एक साल बाद की गई है। वहीं 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है। रायपुर में पहले घरेलू ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आधी आबादी को पूरा हक आखिर कब?

यह हमारे देश भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आजादी के सात दशकों के बाद भी देश की आधी आबादी कही जाने वाली महिलाओं को उनका पूरा हक नहीं मिल पाया है। साल में सिर्फ एक दिन 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर पुरुष प्रधान समाज अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है।शेष 364 दिनों तक फिर उन्हें हाशिये पर धकेल दिया जाता है। अलबत्ता सरकारों ने जरूर महिला सशक्तिकरण के लिए कई कारगर योजनाओं को धरातल पर उतारा है जिसका महिलाओं को लाभ भी मिल रहा है और उनके उत्थान का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। किंतु महिलाओं के प्रति पुरुष प्रधान समाज की धारणा अभी भी नहीं बदली है। वे महिलाओं को कमतर आंकते हैं और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करने से बाज नहीं आते। जबकि नारी शक्ति खेत से खलिहानों तक और घर की चारदीवारी से कारखानों तक पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर घर, परिवार, समाज और देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। ओलंपिक से अंतरिक्ष तक और व्यवसाय से राजनीति तक सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी श्रेष्ठता साबित कर दिखाई है। अपनी योग्यता के बलबूते वे विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पदों पर भी आसीन हो चुकी हैं। फिर भी आधी आबादी आज भी उपेक्षा का दंश झेलते हुए गुहार लगा रही है कि आखिर उसे उसका पूरा हक कब मिलेगा?

राजनीति में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने का जहां तक प्रश्न है तो इसके लिए भी महिलाओं को लंबे समय तक प्रतिक्षा करनी पड़ी है। कायदे से तो आधी आबादी पचास प्रतिशत आरक्षण की हकदार है लेकिन उसे संसद और विधानसभाओं में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण भी अभी तक नहीं मिल पाया है। केन्द्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से महिला आरक्षण विधेयक 2023 संसद में पारित किया है। जो परिसीमन और नई जनगणना के बाद ही लागू होगा। मतलब कब बबा मरेगा और कब बड़ा खाने को मिलेगा वाली बात है। नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों में जरूर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था है लेकिन यहां भी अजब घालमेल चल रहा है। महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर वास्तविक महिला जनप्रतिनिधियों की जगह नेता अपनी पत्नियों को टिकट दिलाकर चुनाव जीता देते हैं और सरपंच पति व पार्षद पति बनकर खुद नेतागिरी करते रहते हैं। यह

शाहिन क़ुरैशी
सब एडीटर दैनिक नव प्रदेश

> **कैसी विडंबना है कि आज भी भारतीय समाज में महिलाओं की गिनती कमज़ोर वर्ग में की जाती है। घर और परिवार की धुरी होने के बावजूद उन्हें कदम कदम पर उपेक्षा और तिरस्कार का सामना करना पड़ता है।**

महिला आरक्षण व्यवस्था के साथ मजाक नहीं तो और क्या है? नगरीय निकायों और पंचायतों में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण देने की मांग लगातार की जा रही है। जो न्यायोचित है। बिहार ही देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने महिलाओं की गुहार सुनी है और वहां नगरीय निकायों और पंचायतों में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। देश के अन्य राज्यों को भी बिहार का अनुशरण करना चाहिए। तभी महिलाओं को राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय देने का अवसर मिलेगा। इस साल के महिला दिवस का विषय है - अधिकार, न्याय और सभी महिलाओं के लिए कार्यवाई। ऐसा विषय चुनने का अर्थ ही यह है कि आज भी महिलाएं अपने अधिकार से वंचित हैं और न्याय की बाट जोह रही हैं। सभी महिलाओं के लिए कार्यवाई की भी जरूरत बनी हुई है। जाहिर है महिलाओं की स्थिति में जो सुधार हो रहा है उसकी गति बेहद धीमी है। इसकी रफ्तार बढ़ाने की सख्त जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का दिन सिर्फ जश्न मनाने या औपचारिकता निभाने का दिन नहीं है। वास्तव में यह महिलाओं की स्थिति और उनकी समस्याओं पर गहन चिंतन करने और उनका समाधान ढूंढने का दिन है। कैसी विडंबना है कि आज भी भारतीय समाज में महिलाओं की गिनती कमज़ोर वर्ग में की जाती है। घर और परिवार की धुरी होने के बावजूद उन्हें कदम कदम पर उपेक्षा और तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। कामकाजी महिलाओं के साथ तो और भी ज्यादा ज्यादती होती है। पुरुष प्रधान सामाजिक संरचना के चलते कामकाजी महिलाओ को दोहरी नहीं बल्कि तिहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करना पड़ता है। पत्नी, मां और कामकाजी महिला की तिहरी जिम्मेदारी के बोझ तले दबी कामकाजी महिलाएं अक्सर तनावग्रस्त रहती हैं। जिसका उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव तो पड़ता ही है उनकी कार्य क्षमता भी घटती है।

नतीजतन घर में गृह कलेश होता है और कार्यस्थल पर भी कामकाजी महिलाओं को लैंगिक भेदभाव, असमान वेतन तथा पदोन्नति में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। जबकि भारतीय संविधान ने महिलाओं को पुरुषों के समान ही अधिकार दिए हैं। बल्कि कुछ विशेषाधिकार भी दिए हैं। इसके बावजूद यदि आज भी आधी आबादी अपने पूरे हक के लिए संघर्ष रत है तो यह देश के कर्णधारों के लिए शर्म की बात है। यह ठीक है कि भारतीय संविधान ने लिंग के आधार पर भेदभाव पर रोक लगा रखी है लेकिन वे भेदभाव का शिकार हो रही हैं। बार बार उन्हें खुद को साबित करके दिखाना पड़ता है। कदम कदम पर अग्निपरीक्षा देनी पड़ती है। यह भी एक दुखद तथ्य है कि महिला सुरक्षा सूचकांक में दुनिया के 177 देशों में भारत का स्थान 128 वां है। इससे स्पष्ट है कि भारत में महिलाओं के प्रति अपराध की स्थिति कितनी गंभीर हैं?

महिलाओं के हक में कड़े कानून बनने के बावजूद उनके प्रति अपराधों का ग्राफसाल दर साल बढ़ता ही जा रहा है जो राष्ट्रीय शर्म का विषय है। आज भारतीय महिलाएं न तो घर में सुरक्षित हैं न बाहर उनकी सुरक्षा की गारंटी है। जिस देश में मातृशक्ति की पूजा की प्राचीन परंपरा रही हो वहां यदि आज भी यह पंक्तियों की प्रासंगिकता कायम हो कि- अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आंचल में दूध और आंखों में पानी.. तो यह देश का दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है? आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम यह संकल्प लें कि ऐसा समाज विकसित करें जहां हर महिला खुद को सुरक्षित समझे और उसे अपने सपने को साकार करने का समान अवसर मिले। तभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। यह बात सभी को समझनी चाहिए कि - अपमान मत करना नारी का इनके बल पर जग चलता है, पुरुष भी जन्म लेकर इनकी ही गोद में पलता है।

बाबासाहेब की दृष्टि में भारतीय मुस्लिम स्त्री विमर्श

प्रवीण गुगनानी

डॉक्टर भीमराव रामजी अम्बेडकर यानि बाबा साहेब केवल किसी एक समुदाय या जाति विशेष में व्याप्त रूढ़ियों, कुरीतियों और बुराइयों हेतु ही चिंतित नहीं थे। बाबा साहेब समूचे भारत के सभी वर्गों में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रयासरत रहते थे। इस नाते ही वे मुस्लिम समुदाय में व्याप्त कुरीतियों के प्रति भी अत्यधिक चिंतित रहते थे। दुखद विषय यह रहा कि, भारतीय मुस्लिम समुदाय ने कभी भी बाबासाहेब के विचारों को, इस्लाम की कुरीतियों के संदर्भ में गंभीरता से नहीं लिया। हाँ, भारतीय मुस्लिम नेताओं ने कुछ विभाजनकारी संगठनों के फेर में आकर "भीम मीम" जैसे सुंदर शब्दों को विद्रूप शब्दों में बदला व विभाजकारी के साथ साथ देशद्रोही राजनीति भी अवश्य की। बड़ा आश्चर्य है कि, भारतीय मुस्लिम समुदाय की महिलाओं के विषय में बाबासाहेब के रोडमैप के ऊपर कोई बात ही नहीं करना चाहता है। इस्लामिक महिलाओं की तीन तलाक़, हलाला, हिजाब, बुर्का, अशिक्षा, मुताह आदि कुरीतियों के प्रति बाबा साहेब ने अपने विचार "भारत अथवा पाकिस्तान का विभाजन" में स्पष्ट लिखे हैं। मुस्लिम समाज के कथित नेता बाबासाहेब का नाम सृजनात्मक संदर्भों में लेते ही नहीं हैं। "भीम मीम" का नारा नींद में भी उछालने वाले कुछ समाजतोड़क, देशतोड़क, विघ्नसंतोषी, कथित बुद्धिजीवी और अर्बन नक्सलाइट प्रकार के लोग भी इस संदर्भ में चुप्पी ही साधे रहते हैं। ये कथित लोग बाबासाहेब की, भीम मीम की बातें रात दिन रटेंगे किंतु केवल समाज विभाजन के कुटिल दुराशय के साथ। जब समाज निर्माण, समाज सुधार, रीति-नीति संशोधन, परंपरा परिष्करण, की बात आती है तो इस कथिक समाज तोड़क, विभाजनकारी वर्ग को बाबासाहेब के विचार स्मरण में ही नहीं आते हैं। कर्नाटक हिजाब के न्यायलीन प्रकरण में निर्णय देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय की पीठ ने एक सौ उनतीस पृष्ठीय विस्तृत निर्णय दिया था। इस निर्णय में बहुत सी पुस्तकों, विचारकों, दृष्टांतों व कथानकों को आधार बनाया गया था। हिजाब पर गठित इस न्यायिक पीठ ने लिखा है कि इस संदर्भ में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के विचार भी इसी तरह के हैं। बाबा साहब ने वर्ष 1945 अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "पाकिस्तान ऑर द पार्टीशन ऑफ इंडिया" के दसवें अध्याय में पहले भाग को लिखते समय सोशल स्टैगनेशन शीर्षक के अन्तर्गत लिखा है - "एक मुस्लिम महिला सिर्फ अपने बेटे, भाई, पिता, चाचा ताऊ और शौहर को देख सकती है या फिर अपने वैसे रिश्तेदारों को जिन पर विश्वास किया जा सकता है। वो मस्जिद में नमाज अदा करने भी नहीं जा सकती। बिना बुर्का पहने वो घर से बाहर भी नहीं निकल सकती। तभी तो भारत के गली कूचों सड़कों पर आती जाती बुर्कानशीं मुस्लिम औरतों का दिखना आम बात है। मुसलमानों में भी हिंदुओं की तरह

और कई जगह तो उनसे भी ज्यादा सामाजिक बुराइयां हैं। अनिवार्य पर्दा प्रथा भी उनमें से ही एक है। उनका मानना है कि उससे उनका शरीर पूरी तरह ढंका होता है। लिहाजा शरीर और सौंदर्य के प्रति सोचने के बजाय वो पारिवारिक झंझटों और रिश्तों की उलझनें सुलझाने में ही उलझी रहती हैं क्योंकि उनका बाहरी दुनिया से संपर्क कटा रहता है। वो बाहरी सामाजिक कार्यकलाप में हिस्सा नहीं लेती लिहाजा उनकी गुलामों जैसी मानसिकता हो जाती है। वो हीन भावना से ग्रस्त कुंठित और लाचार किस्म की हो जाती हैं। कोई भी भारत में मुस्लिम औरतों में पर्दा प्रथा से उपजी समस्या के गंभीर असर और परिणामों के बारे में जान सकता है। कर्नाटक उच्च न्यायालय की इस पीठ ने अपने निर्णय में लिखा है - हमारे संविधान निर्माताओं में प्रमुख डॉक्टर अंबेडकर ने तो पचास वर्ष पूर्व ही पर्दा प्रथा की दोष व हानियां बताई थी। बाबासाहेब के ये विचार हिजाब, घूंघट और नकाब पर भी बराबर तौर से लागू होते हैं। ये परदा प्रथा किसी भी समाज और धर्म की आड़ में हो हमारे संविधान के आधारभूत समता और सबको समान अवसर मिलने के सिद्धांत के सर्वथा खिलाफहै। स्कूलों के ड्रेसकोड से अलग हिजाब, भगवा पटके, हेडगियर या अंगवस्त्र सहित धार्मिक प्रतीक चिह्न पहनना कतई उचित नहीं है. ये अनुशासन के भी खिलाफ है। (डॉ. अंबेडकर ने तो 50 साल पहले ही पर्दा प्रथा की..: Hijab विवाद में NDTV.in httpsÑ//ndtv.in) 1940 के दशक में उन्होंने अपनी प्रसिद्ध व चर्चित पुस्तक "पाकिस्तान अथवा भारत का विभाजन÷ में मुस्लिम महिला विषय पर गंभीरता और पूरी स्पष्टता से प्रकाश डाला है। बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक के पेज नंबर 235 पर लिखा - "हिंदुओं के वर्चस्व की वजह से मुसलमान हर उस चीज़ को सुरक्षित रखने पर ज़ोर देता है जो कि इस्लामी है। वो ये जांचने-परखने की हिम्मत भी नहीं करता कि ये मुस्लिम समाज के लिए लाभप्रद है या हानिकारक। सुधारवादी कार्यक्रमों के प्रति भारतीय मुसलमान भय में रहता है। सुधारवादी कार्यक्रमों के प्रति सामान्य भारतीय मुस्लिम एकबारगी आकर्षित भी हो तो इस्लाम की मूल विस्तारवादी धारणाओं की मस्जिदों में होने वाली तक़रीरें उसे इस ओर बढ़ने से रोक देती हैं। इसी के चलते वो एक सामान्य सामाजिक, राजनैतिक व राष्ट्रवादी विचार में विलीन होने से बचता है। यही वह मोड़ है जहां आकर भारत का मुसलमान अन्य देशों के मुसलमानों की तुलना में सामाजिक सुधार के विषय में पिछड़ जाता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों ही की पर्दा प्रथा के संदर्भ में बड़ा ही स्पष्ट मंतव्य प्रकट करते हुए बाबासाहेब अपनी पुस्तक "भारत अथवा पाकिस्तान का विभाजन" के पेज नंबर 232 में लिखते हैं - "ऐसा नहीं है कि पर्दा और ऐसी ही अन्य बुराइयां देश के कुछ भागों में हिंदुओं के कई वर्गों में प्रचलित नहीं है। परंतु अंतर केवल यही है कि मुसलमानों में पर्दा-प्रथा को एक धार्मिक आधार पर मान्यता दी गई है, लेकिन हिंदुओं में ऐसा नहीं है। हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों में पर्दा-प्रथा की जड़े गहरी हैं। मुसलमानों में पर्दाप्रथा एक वास्तविक समस्या है, जबकि हिंदुओं में ऐसा नहीं है। मुसलमानों ने इसे समाप्त करने का कभी प्रयास किया हो, इसका भी कोई साक्ष्य नहीं मिलता है।"

बाबासाहेब मुस्लिम समुदाय में व्याप्त बहुविवाह प्रथा से भी अत्यंत कुपित और खिन्न रहते थे। एक स्पष्टवक्ता और बेलाग मानस का धनी होने के नाते वे इस्लाम की बुराई का उल्लेख अपने भाषणों, चर्चाओं व लेखन में यहां-वहां बहुधा करते ही रहते थे। बहुपत्नी प्रथा को वे इस्लामिक महिलाओं के विकास व स्वतंत्रता की एक महत्वपूर्ण व बड़ी बाधा मानते थे। उनकी मान्यता थी कि - परिवार में बहुपत्नी या सौत होने से इस्लामिक महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति एकदम सुप्त व उदासीन हो जाती हैं। यदि वह परिवार में एक ही पत्नी है तो भी, कभी भी शौहर द्वारा कभी भी दुसरी बीबी ले आने का भय उसकी मानसिकता को अस्वस्थ किए रहता है व परिवार में एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण नहीं होने देता है। शौहर की अधिक बीबियाँ होने या ले आने के सामर्थ्य का भाव समूचे परिवार में एक अवसाद, परस्पर वैमनस्यता, अवसरवादिता का वातावरण सदैव बनाए रखता है।

साय के सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

छगन लोन्हारे
उप संचालक जनसंपर्क विभाग रायपुर

शास्त्रों में कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यनते रमन्ते तत्र देवता यानि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 69 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रूपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रूपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 23 लाख 56 हजार महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। 8 मार्च 1917 को, रूसी महिलाओं ने रोटी और शांति की मांग को लेकर एक ऐतिहासिक हड़ताल की थी। इस घटना ने महिलाओं के अधिकारों के आंदोलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके बाद से ही 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इसे पहली बार 1911 में मनाया गया था, लेकिन 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने इसे मान्यता दी, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना है। भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर ने महिलाओं को समानता का अधिकार एवं कार्यस्थल में अवकाश देने की पहल की थी। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मिनीमाता सम्मान प्रदान किया जाता है। बेमेतरा जिले की प्रशासनिक कमान महिला अधिकारियों के हाथों में है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जिले के 4 जनपद पंचायतों में 2 महिला अध्यक्ष अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। जिनमें जनपद पंचायत बेमेतरा में श्रीमती हेमा जय दिवाकर है तो वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत बेरला में श्रीमती माधुरी रवि परगनिहा है। जिले की कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीइओ श्रीमती प्रेमलता मंडावी कार्यरत है। इसके अलावा बेरला एसडीएम डॉ. दीप्ति वर्मा, नवागढ़ एसीडीएम श्रीमती दिव्या पोटाई, साजा एसडीएम श्रीमती पिंकी मनहर कार्यरत है। सुश्री हर्षलता वर्मा डिप्टी कलेक्टर के रूप में पदस्थ हैं। जिले में 2 महिला डीएसपी कार्यरत है इनमें श्रीमती कौशल्या साहू एवं श्रीमती शशिकला उईके कानून व्यवस्था सम्हाल रही है। इसी तरह जिले में तहसीलदार के पद पर श्रीमती सरिता मढ़रिया, नायब तहसीलदार के पद पर श्रीमती प्रियंका कुशवाहा, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड डीएमओ श्रीमती निशा पुंक्रे, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति सुश्री अल्का शुक्ला, उप पंजीयक सहाकारी संस्थाएं शिल्पा अग्रवाल, बीईओ श्रीमती कामिनी महिलांग, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुश्री अराधना यादव, सहायक संचालक मछली पालन विभाग श्रीमती अनिता भारद्वाज, सहायक मत्स्य अधिकारी श्रीमती दीपा कहिरा, पशु चिकित्सक डॉ. साधना कुर्रे, जिला समन्वयक श्रीमती प्रियंका पवार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य विभाग लता बंजारे, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा, प्राचार्य विज्ञान महाविद्यालय श्रीमती वीणा त्रिपाठी, जनपद पंचायत सीईओ बेरला सुश्री दीप्ति वर्मा, जिला प्रबंधक बीज निगम श्रीमती माधवी कवाची कार्यरत है। यह महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है।

शोषित नहीं शक्ति का प्रतीक है भारतीय महिलाएं

डॉ हरवीन कौर

हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देशभर में अनेक कार्यक्रम होते हैं जहां महिला सशक्तिकरण पर खूब बातें की जाती हैं। दरअसल मातृशक्ति की भूमिका अथवा उसके उत्थान का विषय किसी एक दिवस में सीमित नहीं होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पिछले कई दशकों में एक बात जो सबसे अधिक स्थापित की जा रही है वह यह है कि देश में महिलाएं आदि काल से शोषित हैं, उन्हें अबला के रूप में प्रदर्शित किया जाता है, इसी धारणा को केंद्र में रखकर महिलाओं के सशक्तिकरण की जरुरत पर लंबे-चौड़े व्याख्यान होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नारीवादी के लिए एक ऐसा उत्सव है जिस दिन वह भारतीय समाज को जमकर कोसती हैं, जबकि भारत वह देश है जहां महिलाएं वैदिक काल से शक्ति का प्रतीक हैं। हमारे यहां तो ब्रह्मा, विष्णु, महेश से लेकर हर भगवान और देवता ने जगत जननी को सर्वोच्च स्थान दिया है। हमारे तो ग्रंथों में कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। या कहें सुख-समृद्धि होती है। दुनिया का ऐसा कोई भी देश नहीं है जहां समाज के भीतर कुछ न कुछ कमियां न हों, किन्तु कुछ एक बुराई से संपूर्ण समाज का चित्रण करना उचित नहीं है।

भारत तो दुनिया का इकलौता देश है जहां के लोग अपने देश को भारत मां कहते हैं, इससे इस बात का आकलन किया जा सकता है कि मातृशक्ति के प्रति भारतीय दर्शन कितना महान है। पूज्य रानी अहिल्याबाई के शासन की बात करें तो उन्होंने शहरी नियोजन से लेकर न्यायिक और राजस्व की बेहतरीन व्यवस्था दी। सोमनाथ और काशी विश्वनाथ से लेकर अनेक तीर्थ स्थलों में उनके द्वारा उपयोगी निर्माण कार्य कराए। एक महिला किस प्रकार देश और समाज का नेतृत्व सफलता पूर्वक कर सकती है इसका साक्षात् उदाहरण हैं पूज्य रानी अहिल्याबाई होल्कर। रानी लक्ष्मी बाई से लेकर अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को भला हम कैसे विस्मृत कर सकते हैं। यहां तक वर्तमान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज से आती हैं लेकिन वह करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। एक महिला घर में गृहणी ही क्यों न हो वह पारिवारिक निर्णय प्रक्रिया का केंद्र होती है। कार्यस्थल पर महिला एक बेहतरीन प्रबंधक के रूप में अपनी क्षमता का परिचय देती है। ऐसा इसलिए क्योंकि महिलाओं को कई गुण नैसर्गिक रूप से प्राप्त होते हैं, संवेदनशीलता उसमें प्रमुख है। शिक्षा से लेकर चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में भारतीय महिलाएं यदि लीडर बनकर उभरी हैं तो उसके पीछे उनके भीतर का सेवा भाव है। आज महिलाओं के साथ सबसे बड़ी चुनौती कार्यस्थल पर उत्पीड़न की है तो इसके पीछे संस्कारों का आभाव है। भारतीय दर्शन और जीवन पद्धति में पत्नी को छोड़कर हर स्त्री में माता और बहन का रूप देखा गया है लेकिन पाश्चात्य विचार में महिलाओं एक प्रॉडक्ट के रूप में पेश किया जाता है। आज भारतीय समाज जिस तरह भौतिकतावाद और उपभोगवाद की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में उसका सबसे अधिक दबाव मातृशक्ति पर और विशेष रूप से उच्च शिक्षित महिलाओं पर पड़ रहा है। उनके ऊपर दबाव होता है कि वह साबित करें कि उनका करियर पारिवारिक जिम्मेदारियों को प्रभावित नहीं करेगा। दुर्भाग्य से समाज सफल महिलाओं की प्रशंसा करता है, लेकिन अगर वे बहुत महत्वाकांक्षी या स्वतंत्र दिखें तो चुपचाप उनका आकलन भी करता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक महिला शिक्षित होती है तो कई पीढ़ियां शिक्षित हो जाती हैं। ऐसे में शिक्षा सर्वसुलभ हो, इसके प्रयास होने चाहिए। नीतियों के निर्माण से लेकर संसद एवं न्यायालयीन क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ानी होगी। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (2023) के जरिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण किया है, अब जरुरत है कि सभी राजनीतिक दल इसे क्रियान्वित करें। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2023 में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, जिला न्यायपालिका में 36.3 प्रतिशत अधिकारी और उच्च न्यायालयों में केवल 14 प्रतिशत न्यायाधीश महिलाएं थीं। इस तस्वीर को बदलना होगा। संगठित क्षेत्रों में जो महिलाएं आगे बढ़ना चाहती हैं उनके लिए अनुकूल नीतियां होनी चाहिए जिससे वह परिवार और कार्यक्षेत्र में संतुलन स्थापित कर सकें। कई जगह में मातृत्व अवकाश से जुड़ी नीतियां तो हैं लेकिन उन्हें अर्जित करने में महिला कर्मचारियों को बहुत चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अक्सर यह भी देखने में आता है कि महिलाएं ही कार्यस्थल पर एक दूसरे का सहयोग नहीं करती हैं, ऐसे में महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि एक महिला अपनी सहयोगी एवं अधीनस्थ महिला का सहयोग करे। कार्यस्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न के मामलों में सुनवाई के लिए आंतरिक समित गठित करने की अनिवार्यता है, लेकिन इन कमेटियों तक या तो शिकायतें पहुंच ही नहीं पाती हैं और जो शिकायतें पहुंचती भी हैं तो उन पर पारदर्शिता के साथ कार्रवाई नहीं हो पाती। ऐसी स्थितियों को बदलने के लिए जरूरी है कि देश की नीति निर्माण और उसके क्रियान्वय के स्तर पर हर जगह महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

50 साल पुराने 96 टेनामेंट तोड़कर बनेंगे 144 फ्लैट, पार्किंग-दुकानों का भी होगा निर्माण

■ **पुनर्निर्माण योजना से बदलेगा स्वरूप**

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के पुराने और जर्जर आवासीय परिसरों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में रायपुर विकास प्राधिकरण ने पहली पुनर्निर्माण योजना शुरू कर दी है। इसके तहत टिकरापारा स्थित करीब 50 वर्ष पुराने 96 टेनामेंट आवासीय फ्लैट्स को तोड़कर उनकी जगह 144 आधुनिक फ्लैट्स का निर्माण किया जाएगा। लंबे समय से जर्जर हो चुके इन मकानों के पुनर्निर्माण की मांग रहवासी लगातार कर रहे थे, जिसे ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। प्राधिकरण की इस योजना के तहत प्रस्तावित आवासीय परिसर में 144 फ्लैट्स बनाए जाएंगे। इनमें 48 एक बीएचके और 96 दो बीएचके फ्लैट शामिल होंगे। निर्माण कार्य आधुनिक वास्तुशिल्प और नवीनतम तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाएगा, ताकि रहवासियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिल सके।

शहर में पुनर्निर्माण की दिशा में पहला कदम: रायपुर विकास प्राधिकरण की यह पहली पुनर्निर्माण योजना मानी जा रही है। इसके माध्यम से शहर के पुराने और जर्जर आवासीय परिसरों को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक स्वरूप देने की योजना बनाई जा रही है। योजना के सफल क्रियान्वयन से न केवल टिकरापारा क्षेत्र के रहवासियों को सुरक्षित और बेहतर आवास मिलेगा, बल्कि शहर के सुनियोजित विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

आठ मंजिला भवन में ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग

योजना के अंतर्गत वर्तमान में निवासरत मूल आवंटितियों को नए फ्लैट रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं शेष फ्लैट्स का विक्रय प्राधिकरण द्वारा निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इससे प्राधिकरण को परियोजना के वित्तीय संतुलन में भी मदद मिलेगी। प्रस्तावित आवासीय परिसर आठ मंजिला होगा। भवन के ग्राउंड फ्लोर पर वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि रहवासियों को पार्किंग की समस्या से राहत मिल सके। इसके अलावा परिसर में व्यावसायिक उपयोग के लिए दुकानों के निर्माण का भी प्रस्ताव है। इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रहवासियों को दैनिक जरूरतों की सुविधाएं परिसर के भीतर ही मिल सकेंगी।

न्यूज गैलरी

सुपेबेड़ा में किडनी परीक्षण करने एम्स का शिविर, 48 लोगों की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा क्षेत्र में क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) की समस्या से निपटने के लिए एम्स ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने गांव पहुंचकर मरीजों की जांच की और आवश्यक नमूने लेकर उन्हें उन्नत जांच के लिए एम्स रायपुर भेजा। नेफ्रोलॉजी विभाग से डॉ. विनय राठौर, डॉ. नीलम देवी मरावी और डॉ. सुनील बेहेरा की टीम ने शिविर में मरीजों की जांच की। वहीं दंत चिकित्सा विभाग से डॉ. रिया गांधीम और डॉ. पालकजीत रिस्सम भी टीम में शामिल रहे। शिविर के दौरान कुल 48 मरीजों का क्लिनिकल परीक्षण किया गया। मरीजों के रक्त और मूत्र के नमूने एकत्र कर उन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए एम्स रायपुर भेजा गया, ताकि बीमारी की सही स्थिति का पता लगाया जा सके। डॉक्टरों की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग में संचालित डायलिसिस यूनिट का भी निरीक्षण किया। यहां वर्तमान में 24 मरीजों का नियमित डायलिसिस किया जा रहा है। एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ अशोक जिंदल ने कहा कि संस्थान सुपेबेड़ा और आसपास के क्षेत्रों में किडनी बीमारी के कारणों की पहचान और उपचार दोनों पर काम कर रहा है।

होली पर अपराध की घटनाएं कानून व्यवस्था की पोल खोल रहीं: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। होली के दिन केवल रायपुर जिले में 4 हत्या और 16 चाकूबाजी की घटनाएं हुईं। पूरे प्रदेश में हिंसा, महिलाओं से अभद्रता और पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आईं। दल्लीराजहरा में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना भी हुई, जो कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के पीछे नशाखोरी बड़ी वजह है और गृह मंत्री कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हुए हैं। बैज ने आरंग के एक धान खरीदी केंद्र में धान को पानी से भिगोने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ऐसी स्थिति बन रही है। समय पर धान का उठाव नहीं होने से गर्मी में धान सूख रहा है और वजन कम हो रहा है। सरकार ने सूखत का पैसा सोसायटी पर डाल दिया है।

रायपुर के सोनडोंगरी चौक पर बनेगा ओवरपास, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रिंग रोड क्रमांक-2 पर टाटीबंध से भनपुरी के बीच स्थित सोनडोंगरी चौक पर ओवरपास (ओवरब्रिज) का निर्माण किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके लिए 43.89 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। वित्त विभाग की सहमति के बाद लोक निर्माण विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं और जल्द ही निर्माण कार्य के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। सोनडोंगरी चौक, गोगांव के पास स्थित एक प्रमुख जंक्शन है, जहां दिनभर भारी यातायात का दबाव रहता है। यह मार्ग गोगांव, गुमा और तेंदुआ सहित आसपास के ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है। यहां ओवरपास बनने से ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी आएगी और लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि रिंग रोड-2 पर हीरापुर चौक, सरोरा चौक और जरवाय मार्ग स्थित बंगाली होटल के पास भी नए ओवरब्रिजों का निर्माण कार्य जारी है। इन तीनों ओवरब्रिजों पर करीब 117 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

प्रोजेक्ट एक नजर में

- हीरापुर चौक ओवरब्रिज - 49.40 करोड़ रुपए
- बंगाली होटल ओवरब्रिज - 23.89 करोड़ रुपए
- सरोरा चौक ओवरब्रिज - 43.76 करोड़ रुपए
- सोनडोंगरी चौक ओवरपास - 43.89 करोड़ रुपए

अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 14 मार्च को

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला)-2026 का आयोजन 14 मार्च को सुबह आठ से शाम छह बजे तक सेल एथलेटिक्स अकादमी, सेक्टर-04 मैदान में किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संयंत्र के कर्मचारियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षु कर्मचारी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम दो स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेगा।

पुरुष प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर लंबी कूद, जेवलिन थ्रो तथा शाटपुट में भाग ले सकते हैं वहीं महिला प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर जेवलिन थ्रो तथा शाटपुट में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक स्पर्धा में न्यूनतम चार प्रतिभागियों की उपस्थिति आवश्यक होगी, अन्यथा संबंधित स्पर्धा को निरस्त माना जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां अपने-अपने विभाग के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कार्यालय बोकारो हास्टल, सेक्टर 4 में कार्यालयीन समय पर 13 मार्च तक अनिवार्य रूप से प्रेषित कर सकेंगे।

रायपुर शहर को स्मार्ट बनाने शुरू की गई 'दक्ष प्रणाली' कागजों तक सीमित

158 करोड़ खर्च के बाद भी नहीं सुधरी रायपुर की ट्रैफिक व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक और सुचारू बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2019 में शुरू की गई 'दक्ष प्रणाली' पर करीब 157 करोड़ 70 लाख रुपये खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद राजधानी रायपुर की ट्रैफिक व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान स्थिति में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कई सुविधाएं या तो बंद पड़ी हैं या फिर उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

स्मार्ट सिटी रायपुर के तहत शुरू की गई इस परियोजना को परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और नगर निगम के संयुक्त संचालन में लागू किया जाना था। इसके तहत इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और सर्विलांस सिस्टम स्थापित किए गए थे, ताकि शहर में ट्रैफिक की निगरानी और नियंत्रण बेहतर तरीके से किया जा सके। परियोजना के तहत शहर के 80 स्थानों पर 372 सीसीटीवी कैमरे और 40 चौराहों पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। हालांकि वर्तमान में इन कैमरों में से कई या तो खराब हैं या उनका फीड कमांड सेंटर तक नहीं पहुंच रहा है। इसके चलते ट्रैफिक मॉनिटरिंग का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

इसी तरह 20 प्रमुख चौराहों पर लगाए गए स्मार्ट पोल अब केवल पोस्टर और विज्ञापन चिपकाने के काम आ रहे हैं। वहीं 83 स्थानों पर लगाए गए इमरजेंसी कॉल बॉक्स, जिनसे दुर्घटना या अपराध की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क होना था, उनमें से अधिकांश बटन दबाने पर भी काम नहीं कर रहे हैं।

परियोजना के अंतर्गत 16 स्थानों पर लगाए गए मैसेज साइन बोर्ड से लोगों को मौसम और ट्रैफिक की जानकारी मिलनी थी, लेकिन अब इन बोर्डों पर कोई सूचना प्रदर्शित नहीं होती।

ये सुविधाएं मिलनी थीं

- 40 स्थानों पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिग्नल
- 80 स्थानों पर 372 सीसीटीवी कैमरे
- 6 स्थानों पर 36 एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन) कैमरे
- 23 स्थानों पर रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन सिस्टम
- 5 स्थानों पर स्पीड वॉयलेशन डिटेक्शन सिस्टम
- 10 स्थानों पर रॉन्ग वे ट्रैफिक वॉयलेशन कैमरे
- 16 स्थानों पर मैसेज बोर्ड
- 45 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम
- 83 स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स
- 20 प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट पोल

पेयजल उपलब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी, अफसर दें ध्यान

■ **जोन कमिश्नरों को रोज वार्डों का निरीक्षण करने के मेयर ने दिए निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने गर्मी के मौसम में शहरवासियों को सुगम पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है और सभी अधिकारी जल समस्या को गंभीरता से लेते हुए नियमित निगरानी करें।

महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित अधिकारियों की बैठक लेकर सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश दिया कि वे अपनी टीम के साथ प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण कर जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति के समय टेल एंड तक पानी पहुंचना चाहिए और कहीं समस्या आने पर तत्काल मौके पर समाधान किया जाए।

महापौर ने जोन कमिश्नरों को वार्ड पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर संभावित जल संकट वाले क्षेत्रों की पहचान कर पहले से समाधान करने को कहा, ताकि गर्मी में नागरिकों को पानी के लिए भटकना न पड़े। साथ ही अवैध नल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें करारोपण में शामिल करने और जरूरत के अनुसार जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि गर्मी में जलापूर्ति में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।

बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन का काम, कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बिलासपुर-चांपा सेक्शन के बीच अकलतरा स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग और चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री-नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा।

इस कार्य के चलते 30 मार्च से 11 अप्रैल 2026 के बीच कई यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे के अनुसार इस अवधि में बिलासपुर-रायगढ़, रायगढ़-बिलासपुर, रायपुर-गेवरा रोड, रायपुर-कोरबा सहित कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनें अलग-अलग तिथियों में रद्द रहेंगी।

इसके अलावा गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर (68861) 31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर स्टेशन में ही समाप्त होगी और बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी। वहीं झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर (68862) इसी अवधि में बिलासपुर से ही प्रारंभ होगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हसदेव एक्सप्रेस (18250/18249 और 18252/18251) को 31 मार्च से 11 अप्रैल 2026 तक कोरबा-बिलासपुर के बीच पैसेंजर के रूप में चलाया जाएगा।

रंग लगाने से मना किया तो युवक पर चाकू से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। होली पर्व के दौरान तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में रंग लगाने को लेकर हुए विवाद में युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया गया। तिल्दा नेवरा पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी जब्त कर लिया है। पधुलिस के अनुसार चार मार्च को सासाहोली अटल आवास के पास दोपहर में होली खेलते समय कुलेश्वर यादव ने पड़ोसी मनोज साहू उर्फ गोलू को जबरन रंग लगाने से मना किया। इसी बात को लेकर आरोपित मनोज साहू गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से कुलेश्वर यादव के पेट में प्राणघातक वार कर दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस पहुंची और उसे प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

फाग गीत गा रही मंडली में घुसकर हमला, धारदार हथियार से युवक पर वार, चार आरोपित गिरफ्तार

होली पर्व के दौरान ग्राम तुलसी नेवरा में फाग गीत गा रही मंडली के बीच हुए विवाद में चार युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। तिल्दा नेवरा पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है। चार मार्च को ग्राम तुलसी नेवरा में फाग गीत गाने की मंडली चल रही थी। इसी दौरान लादेन उर्फ अनिल वर्मा तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और मंडली के लोगों से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने रवि यादव के साथ मारपीट शुरू कर दी।

मंत्री के अनुमोदन के बाद राज्य शासन करेगा कार्रवाई

■ **प्रभारी ईएनसी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने का मामला**

रायपुर/नवप्रदेश। उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मुख्य अभियंता केके कटारे का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने के बाद अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है। इस मामले में छानबीन समिति ने कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। छानबीन समिति के आदेश के बाद अब राज्य शासन स्तर पर कार्रवाई शुरू होगी। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विभागीय मंत्री से अनुमोदन लिया जाएगा। मंत्री के अनुमोदन के बाद ही विधिवत रिंरिया शुरू हो पाएगी। मुख्य अभियंता के खिलाफ पूर्व में लगातार शिकायतें हुई हैं। इस आदेश के बाद फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में अन्य शिकायतों पर भी जल्द सुनवाई और कार्रवाई की सुगबुगाहट बढ़ गई है। जाति प्रमाण पत्र मामले में फंसे अफसर केके कटारे ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के प्रभारी प्रमुख अभियंता भी हैं। उनके खिलाफ अनुसूचित जाति वर्ग के फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय सेवा को लेकर की गई शिकायतों के लंबे समय बाद छानबीन समिति ने सुनवाई कर आदेश जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में अब राज्य शासन पर नजरें टिकी हुई हैं। विभागीय प्रमुख सचिव द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री से आदेश का पालन सुनिश्चित कराने अनुमोदन लिया जाएगा। प्रशासनिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि अब तत्काल विधिवत कार्रवाई शुरू होगी या रसूख के चलते कार्रवाई का मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

दरअसल, छानबीन समिति ने मुख्य अभियंता को छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण का लाभ लेने के लिए अयोग्य पाया है। इधर मुख्य अभियंता के खिलाफ ग्रामीण विकास विभाग में ही कुछ अन्य मामलों में भी वित्तीय अनियमितता के आरोप हैं।

प्रकरण दबाने की भी लगातार चर्चा: छत्तीसगढ़ में अविभाजित रायपुर जिले के बिलाईगढ़ में अमरूआ रिकोकला सड़क निर्माण पार्ट-1 एवं पार्ट-2 के तहत सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के मामले में कटारे एवं एक अन्य अफसर पर प्रकरण दबाने की भी लगातार चर्चा रही है।

भोरमदेव में जंगल सफारी इसी माह से

■ **भव्य गेट भी बनेगा, शासन ने दी मंजूरी**

रायपुर/नवप्रदेश। कवर्धा स्थित भोरमदेव में इसी माह से जंगल सफारी शुरू होगी। वन विभाग ने शासन से मंजूरी के बाद इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सफारी के दौरान पर्यटकों को 32 किमी के दायरे में घुमाया जाएगा। इसके लिए रुट तय कर दिए गए हैं। सभी ऐसे स्पॉट चुने गए हैं, जहां पर्यटकों को ज्यादा से ज्यादा वन्य प्राणी दिखाई दे। अफसरों के अनुसार लंबे समय से जंगल सफारी के लिए शासन से मंजूरी के प्रयास किए जा रहे थे। फिलहाल वहां पर्यटकों की सैर के लिए तीन जिप्सी की व्यवस्था की गई है। स्वागत के लिए भव्य द्वार बनाया गया है। जंगल सफारी में आने वाले पर्यटक भोरमदेव मंदिर भी जा सकेंगे। इस वजह से माना जा रहा है कि यहां पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ेगी। भोरमदेव में वन्य प्राणियों का स्थायी रहवास होने के बावजूद यहां अभी तक सफारी के लिए कोई प्लान ही नहीं बनाया गया था।

20 हजार करोड़ खर्चने के बाद भी पानी का संकट, अब 4527 करोड़ से मल्टी विलेज प्रोजेक्ट शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मार्च के पहले पखवाड़े में ही तेज गर्मी के साथ जल संकट की स्थिति बनने लगी है। कई इलाकों में बोर सूखने लगे हैं और राजधानी रायपुर सहित राज्य के कई शहरों व गांवों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। यह स्थिति तब है जब पिछले करीब सात वर्षों में राज्य में जल आपूर्ति की विभिन्न योजनाओं पर करीब 20 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

सरकार ने अब ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल संकट और दूषित जल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मल्टी विलेज स्कीम शुरू की है। इसके तहत 4527 करोड़ रुपये की लागत से 18 जिलों में 71 मल्टी विलेज परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इस योजना के माध्यम से 3 हजार से अधिक गांवों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

राजधानी में भी अधूरे प्रोजेक्ट

पड़ताल में सामने आया है कि पानी की समस्या दूर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन कई परियोजनाएं अब भी अधूरी हैं। इसी वजह से जल संकट पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रहा है। राजधानी रायपुर के लाभांडी और फुंडहर जैसे इलाकों में ओवरहेड टंकियां वर्षों पहले बन चुकी हैं, लेकिन उन्हें अब तक मुख्य राइजिंग पाइपलाइन से नहीं जोड़ा गया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन विस्तार के लिए पर्याप्त बजट और तकनीकी स्वीकृति समय पर नहीं मिलने के कारण कई काम अधर में लटके हुए हैं।

क्या है मल्टी विलेज स्कीम

मल्टी विलेज स्कीम ऐसी व्यवस्था है जिसमें एक बड़े जल स्रोत या जल शोधन संयंत्र से पाइपलाइन के माध्यम से कई गांवों को एक साथ पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। इससे छोटे-छोटे गांवों में अलग-अलग जल व्यवस्था बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और साफ पानी की आपूर्ति अधिक प्रभावी तरीके से की जा सकती है।

योजनाओं पर हजारों करोड़ खर्च

प्रदेश में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए कई प्रमुख योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जल जीवन मिशन पर करीब 11,600 से 15,000 करोड़ रुपये, अमृत मिशन (1.0 और 2.0) पर लगभग 3,000 से 3,500 करोड़ रुपये, अन्य शहरी जल परियोजनाओं पर 1,000 से 1,500 करोड़ रुपये। इन सभी योजनाओं को मिलाकर राज्य में जल आपूर्ति सुधारने पर 16 से 20 हजार करोड़ रुपये तक खर्च किए जा चुके हैं।

शहरों में अमृत मिशन के तहत काम

शहरी क्षेत्रों में पेयजल और सीवरेज व्यवस्था मजबूत करने के लिए अटल मिशन फॉर रीजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत मिशन) के तहत भी बड़े प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना के तहत करीब 3 से 4 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, कोरबा और अंबिकापुर जैसे शहरों में संचालित की जा रही हैं। राजधानी रायपुर में खारुन नदी के किनारे लगभग 200 एमएलडी क्षमता के तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए गए हैं।

एनएमएमएसई छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन 20 तक, मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ: कलेक्टर

- 2 मई को होगी राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा
- स्कूलों को दस्तावेज पूर्ण रखने के निर्देश
- जिले में छात्रवृत्ति योजना को बढ़ावा देने शिक्षा विभाग सक्रिय तैयारी के लिए वीडियो सामग्री भी उपलब्ध: डीईओ

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसई) के अंतर्गत सत्र 2025-26 के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर उनकी उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा इस परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

विद्यार्थियों को अपने अध्ययनरत विद्यालय में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। विद्यालयों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र 23 मार्च 2026

तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में जमा किए जाएंगे, जबकि केंद्राध्यक्ष द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि की प्रक्रिया पूर्ण कर दस्तावेज मंडल कार्यालय को 2 अप्रैल 2026 तक भेजे जाएंगे।कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि जिले के अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के दस्तावेज समय पर तैयार कराए जाएं, ताकि किसी भी छात्र को दस्तावेजों की कमी के कारण चयन सूची से वंचित न रहना पड़े।शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले सत्र 2024-25 के परिणामों में यह पाया गया कि कई विद्यार्थी परीक्षा में सफल होने के बावजूद आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में अंतिम चयन सूची में शामिल नहीं हो सके थे। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सभी विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रधान पाठकों को आवेदन पत्रों की सावधानीपूर्वक जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए यह अनिवार्य है कि विद्यार्थी के माता-पिता या पालक की वार्षिक आय सभी स्रोतों से 3 लाख 50 हजार रुपये से अधिक न हो। आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा कक्षा सातवीं की अंकसूची की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। आय प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024-25 का होना चाहिए, जिसे कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार या नायब तहसीलदार द्वारा जारी किया गया हो।जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में विद्यालयों में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयारी संबंधी वीडियो भी तैयार किए गए हैं, जिनकी लिंक विद्यालयों को उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि छात्र परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सकें। इसके अलावा जिले के प्रत्येक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा लेकर निशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है।राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 2 मई 2026 को किया जाएगा। परीक्षा दो भागों में आयोजित होगी, जिसमें बौद्धिक योग्यता परीक्षण (एमएटी) और शैक्षिक योग्यता परीक्षण (एसएटी) शामिल हैं। दोनों प्रश्नपत्रों में 90-90 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित किया गया है। परीक्षा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में आयोजित की जाएगी और इसमें किसी प्रकार का ऋणात्मक अंकन नहीं होगा।

संक्षिप्त खबरें

14 बुजुगों की आंखों में लौटी रोशनी

कांकेर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग की जनकल्याणकारी योजना 'अटल वयो अभ्युदय योजना' जिले के बुजुर्गों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत कांकेर जिले के 14 वरिष्ठ नागरिकों को मोतियाबिंद के निःशुल्क उपचार के लिए एम्स रायपुर भेजा गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से उनका सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद सभी हितग्राहियों की दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार आया है और उनकी स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई गई है। इस पूरी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने पहले स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताएं पूरी की। कलेक्टर ने योजना के सफल क्रियान्वयन पर जिले के सभी विकासखंडों में सर्वे कर पात्र वृद्धजनों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऑपरेशन के बाद नियमित फॉलोअप और दवा वितरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस पहल के माध्यम से बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें एक स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन दिया जाए। समाज कल्याण के उप संचालक ने बताया कि लाभान्वित होने वालों वरिष्ठ नागरिकों में गिरवर नांदिया, मनराखन कुंजाम, मोहन कोर्राम, रामकुवंर टेकाम, प्रेमबती सलाम, इतवारिन कोर्राम, उजारो बाई, रजेल सिंह नेताम, सुंदरी नेताम, तुलाराम टेकाम, रामलाल दर्रो, हरिचंद दर्रा, कमला दर्रो, कामताप्रसाद विश्वकर्मा सहित नरहरपुर और भानुप्रतापपुर क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं।

भाजपा की विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तेज करेंगे: भासवानी

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री अजय भासवानी ने महामंत्री नियुक्त होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते

हुए कहा कि देश में विभाजनकारी सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लड़ाई को और तेज किया जाएगा। अजय भासवानी ने कांग्रेस के नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपा है उसका निर्वाह करने का पूरी तरह प्रयास करूंगा। उन्होंने जिला और प्रदेश की राजनीतिक परिस्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार आम जनता की सुविधाओं पर कुठाराघात कर उनके नागरिक अधिकारों को छीना जा रहा है।महंगाई,बेरोजगारी जैसी बुनियादी समस्याओं से आम जनता परेशान है और भाजपा जनता की बुनियादी समस्या को हल करने में असफल साबित हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता की समस्याओं पर कांग्रेस पार्टी जनता को संगठित कर आंदोलन करेगी।

कलेक्टर ने केशकाल बायपास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को प्रस्तावित केशकाल बायपास मार्ग का गहन निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्ग के विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निर्माण कार्य के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली तथा निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं के संबंध में राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और वन विभाग अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को जिला पंचायत सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं अप्रारम्भ आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में योजनाओं, निर्माण कार्यों सहित रोजगार सृजन पर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि द्वितीय किश्त जारी हुए आवासों को अप्रैल तक पूरा कराने 15-15 दिन की प्रगति रिपोर्ट बनाएं। विकासखंड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक आपसी समन्वय एवं फील्ड विजिट करें।

बस स्टैंड के पास बने ब्रेकर पर तीन दिनों में पांच से छह लोग गिरकर घायल हो चुके

सड़क पर बने ब्रेकर, संकेतक बोर्ड न होने से हो रहे हादसे, विभाग भी मौन

अंतागढ़/नवप्रदेश। नगर में बने ब्रेकर को लेकर नवप्रदेश लगातार खबर प्रकशित कर रहा है फिर भी विभाग मौन जनप्रतिनिधि को भी इस और ध्यान नहीं आखिर कब सुधरेगा अंतागढ़ कि तस्वीर.. कौन है जिम्मेदार..अंतागढ़ नगर में उन्मुक्त खेल मैदान से जोगी दहरा नदी तक लगभग दो किलोमीटर के दायरे में बने 7 स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। स्थानीय लोग शिकायत कर रहे हैं कि इन ब्रेकरों पर न तो पर्याप्त चेतावनी बोर्ड लगे हैं और न ही पुताई की गई है। इसके कारण बाइक और स्कूटी चालक दूर से ब्रेकर को नहीं देख पाते और गिरकर चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय निवासी ने बताया कि बस स्टैंड के पास बने ब्रेकर पर पिछले तीन-चार दिनों में लगभग पांच से छह लोग गिर चुके हैं।

मापदंड के अनुरूप नहीं बनाए गए ब्रेकर

इंडियन रोड कांग्रेस के अनुसार, स्पीड ब्रेकर की अधिकतम ऊंचाई 4 इंच (10-100 मिमी) और चौड़ाई 3.5 से 3.7 मीटर होनी चाहिए। दोनों ओर 2-2 मीटर का ढलान होना आवश्यक है ताकि वाहन आसानी से उतर सकें। इसके अलावा ब्रेकर पर सफेद / काली मार्किंग, 40 मीटर पहले चेतावनी बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगे होने चाहिए। लेकिन यहां नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। कही भी ऐसा मापदंड नजर नहीं आ रहा हैं। लगातार हादसों से लोग घायल हो रहे हैं, बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर पंचायत का भी इस ओर ध्यान नहीं

ब्रेकरो से हो रही आए दुर्घटनाओं से नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि भी आंख मूंदे बैठे है नगरीय क्षेत्र होने के चलते इस इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि नगर क्षेत्र में हो रही पर अंकुश लगाया जा सके। वही बात करे लोक निर्माण विभाग की तो विभाग ठेकेदार की राह दे रहा है और विभाग अपने ओर से सफेद चूना ब्रेकरो में लगा कर लोगो को चुना लगा रहे है क्योंकि विभाग ने ब्रेकर के निर्माण के बाद ब्रेकरो में चुना कि पुताई कर अपना दायित्व पूरा कर दिए पर चुना तो चुना होता है एक ही दिन उखड़ कर उड़ गया और मिट गया जिसके बाद विभाग भी चुना लगाने भूल गया है।

नवप्रदेश लगातार

कई घटनाओं के बाद लोगों ने उठाया बीड़ा

नगर के शहीद वीर नारायण चौक पर बने ब्रेकर पर आए गिर कर घायल हो रहे लोगो को देख कुछ स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से स्टॉपर ड्रम रेडियम आदि लगा लोगो को इस अंधे ब्रेकरो से बचाने का प्रयास किया गया है जो कुछ हद तक सफल भी रहा है बाकी ब्रेकर अभी भी अंधे बने हुए है वहां न तो कोई संकेतक लगे है न स्टॉपर वही इस ओर शासन प्रशासन हो रही बार बार दुर्घटना पर किस प्रकार की अपनी सक्रियता नहीं दिखाई है आज भी लोग ब्रेकर की वजह से घायल हो रहे है कल की बात है एक सात साल का छोटा बालक मोटर सायकल से उछल कर गिर पड़ा और घायल हो गया स्थानीय लोग बस इस अंधे ब्रेकर और व्यवस्था को कोसते नजर आए

बकाया कर वसूली को लेकर नगर पंचायत हुआ सख्त

- अब बकायादारों की सूची होगी सार्वजनिक और संपत्तियों की होगी नीलामी

अंतागढ़/नवप्रदेश। नगर पंचायत ने बकाया करों की वसूली के लिए अब तक का सबसे कड़ा और निर्णायक रुख अपनाते हुए स्पष्ट संकेत दे दिया है कि राजस्व अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में प्रशासन ने यह घोषणा की है कि मार्च माह के अंत तक कर जमा न करने वाले बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार उनकी चल-अचल संपत्तियों की कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। नगर पंचायत अंतागढ़ की मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री हंसा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन करदाताओं ने संपत्तिकर, समेकित कर, जल शुल्क एवं दुकान किराया जैसे अनिवार्य देयों का पिछले वित्तीय वर्ष से अब तक भुगतान नहीं किया है। उन्हें छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 164 के तहत अंतिम नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद यदि निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं की जाती है तो 1 अप्रैल 2026 से सभी बकायादारों के प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय में प्रेषित कर दिए जाएंगे। प्रशासन के अनुसार न्यायालयीन प्रक्रिया प्रारंभ होते ही संबंधित करदाताओं की पेशी सुनिश्चित की जाएगी तथा बकाया राशि की भरपाई के लिए छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 165 के प्रावधानों के अंतर्गत उनकी चल-अचल संपत्तियों की कुर्की, नीलामी अथवा विक्रय की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। नगर पंचायत का मानना है कि करों की समयबद्ध वसूली से ही नगर के विकास कार्यों सड़क, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं जनसुविधाओं-को गति मिलती है। प्रशासन ने करदाताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की कठोर कार्यवाही से पूर्व अपने बकाया कर शीघ्र जमा कर नगर के विकास में सहभागी बनें। नगर प्रशासन का यह कदम स्पष्ट संदेश दिया है कि अब राजस्व संग्रहण को लेकर उदारता की बजाय पारदर्शिता और कठोरता का दौर प्रारंभ हो चुका है। आने वाले दिनों में यह अभियान नगर के वित्तीय सुदृढ़ीकरण और विकास की नई दिशा तय करेगा।

विखं शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता का लिया जायजा

अंतागढ़/नवप्रदेश। आज दिनाँक 6/03/26 को श्री संजय ठाकुर खंड शिक्षा अधिकारी अंतागढ़ के द्वारा विकास खंड के दूरस्थ, दुर्गम, सुदूर अंचल क्षेत्र के हाईस्कूल बंडापाल ,प्राथमिक / माध्यमिक शाला मातला (ब), प्राथमिक शाला देवगांव , प्राथमिक शाला हुचाडी, माध्यमिक शाला गवाडी मे शिक्षा गुड़वत्ता का जायजा लेने एवं प्राशासनिक कसावट को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से तथा शिक्षा विभाग की महत्वकांक्षी योजनाओं के संचालन की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निम्न निर्देश दिए गए।

- NMMSE की परीक्षा में कक्षा आठवीं में अध्यनरत सभी पात्र बच्चों का पंजीयन करना एवं उन्हें परीक्षा की आवश्यक तैयारी कराने के निर्देश दिए।
- सभी छात्रों के आपार आई. डी. बनाने हेतु निर्देश दिया गया।
- एफएल एन का संचालन एवं निपुण भारत का लक्ष्य हासिल कर विकास खंड को अग्रणी स्थान पर लाना।
- उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से कम अच्छे बच्चों को भी वार्षिक परीक्षा मे बेहतर परिणाम लाने हेतु तैयार करने का निर्देशित किया गया।
- शिक्षकों को शासन प्रशाशन के दिशा निर्देशों को कड़ाई से पालन करने एवं बच्चों के साथ आत्मीय व्यहवार करते हुए शिक्षण कराने एवं बेहतर परिणाम के लिये योजनाबद्ध कार्य करते हुए 100 प्रतिशत रिजल्ट लाने हेतु रणनीति से कार्य करने का निर्देश दिया गया।
- दैनंदिनी का नियमित संधारण करने का निर्देश।
- विभिन्न विद्यालायीन गतिविधियों की चर्चा एवं समीक्षा बीईओ सर द्वारा किया गया।
- हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत 100 उपस्थिति एवं 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम को प्राप्त करने के निर्देश दिया।
- छात्र छात्राओं से बीईओ श्री संजय ठाकुर ने स्थानीय भाषा मे सवाल पूछा और हालचाल भी जाना काफ़ी समय बच्चों के साथ व्यतीत करने से बच्चे उत्साहित एवं आत्मीयता का अनुभव कर रहे थे।
- बच्चों को पढ़ने एवं परीक्षा की तैयारी हेतु बीईओ साहब द्वारा मोटिवेशन किया गया। जवाबदारी से बच्चों के भविष्य को सवारने के लिये शिक्षकों को कृत संकल्पित किया गया।
- उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आगामी 22 मार्च को होनी वाली महापरीक्षा हेतु नवसाक्षर को आवश्यक तैयारी एवं काश संचालन का निर्देश दिया गया।
- शाला मे संचालित विभिन्न गतिविधियों का बीईओ सर के द्वारा गहनता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान एबीईओ श्री नगेंद्र गुप्ता एवं नवभारत साक्षरता प्रभारी श्री देवकुमार उईके भी साथ रहे।

कोंडागांव कलेक्टर ने पीएमश्री शाला हरवेल का किया निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले में पीएमश्री योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत शुक्रवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पीएमश्री शाला हरवेल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की तथा बच्चों और शिक्षकों से संवाद कर पढ़ाई-लिखाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर ने विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक शिक्षक को सालेभाट शाला में अध्यापन कार्य हेतु व्यवस्था करने के लिए डीएमसी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा पहली में दर्ज 13 विद्यार्थियों के लिए तत्काल बेंच की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही किचन गार्डन में ड्रिप सिंचाई लगाने तथा एफएलएन सामग्री को व्यवस्थित स्थान पर रखने के लिए कहा। पंचायत द्वारा निर्मित अतिरिक्त कक्ष को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने के लिए सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। वहीं विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था, पेंटिंग कार्य सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पांच दिनों के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार श्री गणेश सिदार, डीएमसी ईमल बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश, जनपद सीईओ श्री अनुराग सिन्हा सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

विद्यार्थियों ने जीवंत किया लोकतांत्रिक माहौल तर्कपूर्ण बहस से दिखाई नेतृत्व क्षमता

एमसीबी/नवप्रदेश। युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से सेजस स्कूल मनेन्द्रगढ़ में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2026 का गरिमामय आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मीरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के तीनों विकासखंड मनेन्द्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने लोकसभा की कार्यवाही का प्रभावशाली मंचन करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीवंत झलक प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्रीमंडल के सदस्य और सांसदों की भूमिका निभाते हुए सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तर्कपूर्ण बहस और संवाद का प्रभावी प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में शपथ ग्रहण, प्रश्नकाल, शून्यकाल, संविधान संशोधन तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा जैसी संसदीय प्रक्रियाओं का सजीव चित्रण किया गया। विद्यार्थियों की प्रभावशाली वक्तृत्व शैली, तार्किक प्रस्तुति और आत्मविश्वास ने उपस्थित जनों को काफी प्रभावित किया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मीरे ने कहा कि युवा संसद जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान युवा सांसद का प्रतिनिधित्व कर चुके शिवम जायसवाल से मोबाइल के माध्यम से विद्यार्थियों की बातचीत भी कराई गई। इस संवाद ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना वैष्णव सहित जे.एल. भास्कर, सूर्योदय सिंह, गौरव त्रिपाठी, कलेश्वर पैकरा, पारस मणि, वीरेन्द्र पाण्डेय, सुषमा कुजूर, टी. विजय गोपाल राव, नारायण तिवारी, मधुमिता चौधरी, नीलम दुबे, मनीषा तिवारी, इरफान खान, सरिता मिश्रा, आराधना एक्का, शिव चौधरी और सुरुचि नमिता पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदमः ग्राम लिब्रा की बिंदू दास बनीं मिसाल, 'बिहान' और 'महतारी वंदन' ने संवारी राह

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छग शासन की हितग्राही मूलक योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मविश्वास और आर्थिक आजादी का नया सवेरा लेकर आई है। सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लिब्रा की रहने वाली बिंदू दास आज इसी बदलाव की एक सशक्त पहचान बन चुकी हैं। बिंदू दास बताती हैं कि उनके पति बबलू दास खेती-बाड़ी का काम करते हैं, लेकिन परिवार की बढ़ती जरूरतों और तीन बच्चों के भविष्य के लिए अतिरिक्त आय की आवश्यकता थी। ऐसे में उन्होंने घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर 'बिहान' योजना के तहत स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह के माध्यम से मिले ऋण (लोन) की मदद से उन्होंने अपना स्वयं का ठेला शुरू किया। बिंदू गर्व से कहती हैं, खाली बैठने से कुछ हासिल नहीं होता। आज मैं अपना ठेला चलाती हूँ, जिससे घर के छोटे-मोटे खर्च आसानी से पूरे हो जाते हैं। अब हमें अपनी जरूरतों के लिए किसी दूसरे के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती।

दुकान के विस्तार में मददगार साबित हो रही 'महतारी वंदन' की राशि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा शुरू की गई 'महतारी वंदन योजना' बिंदू जैसी कामकाजी महिलाओं के लिए एक 'संजीवनी' की तरह काम कर रही है। बिंदू बताती हैं कि हर महीने मिलने वाली 1,000 रुपये की सहायता राशि उनके व्यवसाय में रोटेशन का काम करती है। यदि दुकान या ठेले का कोई सामान खत्म हो जाता है, तो वे इसी पैसे का

निवेश कर नया स्टॉक ले आती हैं। साथ ही, बच्चों की छोटी-मोटी जरूरतों और घर की आकस्मिक परेशानियों में भी यह राशि काम आ जाती है।

शासन की योजनाओं के लिए जताया आभार

अपनी सफलता और आर्थिक मजबूती के लिए बिंदू दास ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार जो प्रयास कर रही है, उससे हम जैसी हजारों महिलाओं का जीवन बदल गया है। हम अब पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

महिला सशक्तिकरण का नया मॉडल

शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन से प्रदेश की बिंदु दास जैसी महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बना रहा है। 'बिहान' का ऋण और 'महतारी वंदन' की निरंतर आर्थिक सहायता ने ग्रामीण महिलाओं को छोटे व्यवसायों के माध्यम से सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिया है।

न्यूज गैलरी

फाग गीतों की धुन पर थिरके स्वास्थ्य मंत्री, एक रंग में रंगे नजर आए नेता, व्यापारी और ग्रामीण

एमसीबी/रतनपुर/नवप्रदेश। होली के पावन पर्व पर रतनपुर स्थित स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज निवास पर भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि मंत्री जी ने समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोते हुए, सबको एक ही रंग में ढाल दिया। समारोह में पारंपरिक फाग गीतों की मधुर धुनों के बीच उत्साह और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिला। स्वास्थ्य मंत्री स्वयं को रोक नहीं पाए और पारंपरिक गीतों पर कार्यकर्ताओं के साथ थिरकते नजर आए। उन्होंने उपस्थित नेता , व्यापारियों और ग्रामीणों के साथ गुलाल उड़ाकर होली की खुशियां साझा कीं। मंत्री जी के इस सहज और सरल अंदाज ने समारोह में मौजूद हर व्यक्ति का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर मिलजुलकर रहने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मंत्री निवास पर आयोजित इस मिलन समारोह में जिले के वरिष्ठ पत्रकार, स्थानीय व्यवसायी, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ मिलकर भोजन किया और एक-दूसरे को रंग लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं कीं।

शराब के नशे में की पत्नी की गला दबाकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चनवारीडांड में घरेलू विवाद के चलते हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतिका सुब्रतिया बाई (42 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 3 चनवारीडांड, अपने दूसरे पति राज पेंटर के साथ रह रही थी। घटना 5 मार्च की बताई जा रही है, जब आरोपी राज पेंटर अत्यधिक शराब के नशे में घर पहुँचा। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर सुब्रतिया बाई का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और सक्रियता दिखाते हुए महज कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी राज पेंटर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया है। मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना का प्राथमिक कारण घरेलू विवाद और आरोपी का नशे में होना सामने आया है। कार्यवाही में निरीक्षक दीपेश सैनी के साथ सहायक उपनिरीक्षक अभिषेक पांडे, प्रधान आरक्षक नवीन दत्त तिवारी, आरक्षक प्रिंस राय तथा शहबाज़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सरगुजा जिले में नई गाइडलाइन दरें 2 मार्च 2026 से प्रभावशील

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में संपत्ति के पंजीयन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं व्यवहारिक बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 20 नवम्बर 2025 से लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में आवश्यकता अनुसार पुनरीक्षण के लिए जिला मूल्यांकन समितियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए थे। शासन के निर्देशों के अनुरूप सरगुजा जिले की जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के लिए महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम,2000 के प्रावधानों के तहत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण किया गया। समग्र समीक्षा एवं चर्चा के उपरांत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने सरगुजा जिले से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया है। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नवीन गाइडलाइन दरें सरगुजा जिले में 2 मार्च 2026 से प्रभावशील हो गई है। आम नागरिक एवं संबंधित हितधारक नवीन दरों की विस्तृत जानकारी जिला पंजीयन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी 33 जिलों के लिए नवीन पुनरीक्षित गाइडलाइन दरें जारी कर दी गई हैं, जिससे पंजीयन प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं यथार्थपरक बनने की दिशा में मदद मिलेगी।

प्रशासन से पंचायत तक 22 महिलाएं लिख रही हैं विकास की नई इबारत

विशेष रिपोर्ट। एमसीबी

समाज में महिलाओं की भूमिका अब केवल घर की चारदिवारों तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे नीति-निर्धारण और क्रियान्वयन के शीर्ष पदों पर आसीन होकर 'नया भारत' गढ़ रही हैं। छत्तीसगढ़ का नवीन जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (MCB) इसका जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। यहाँ जिले की प्रशासनिक मशीनरी से लेकर जन-प्रतिनिधित्व की कमान 22 जुझारू महिलाओं के हाथों में है, जो अपनी कार्यकुशलता और संवेदनशीलता से जिले की तस्वीर बदल रही हैं। जिले की कानून-व्यवस्था हो या विकास कार्यों का खाका, महिला अधिकारी हर मोर्चे पर अपनी सक्षमता सिद्ध कर रही हैं। वर्तमान में 16 महिला प्रशासनिक अधिकारी जिले के महत्वपूर्ण विभागों का नेतृत्व कर रही हैं। **सुरक्षा और न्यायः** पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस बल मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। वहीं, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में दीपिका मिंज (CSP), तरशीला टोप्पो (DSP) और आराधना बनोदे (सिटी कोतवाली) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। **विकास और प्रशासनः** जिला पंचायत छ्ख्श्ह अंकिता सोम ग्रामीण विकास की योजनाओं को धरातल पर उतार रही हैं। साथ ही अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे और डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा प्रशासनिक कार्यों में समन्वय का केंद्र बनी हुई हैं। **राजस्व और स्थानीय निकायः** जिले की चारो तहसील (मनेंद्रगढ़, केल्हारी, खड़गवां) की कमान महिला तहसीलदारों के पास है, जबकि जनपद और नगर पंचायतों में भी महिला अधिकारी नेतृत्व कर रही हैं।

सियासत और सेवाः जनप्रतिनिधित्व में सशक्त उपस्थिति प्रशासन के साथ-साथ जिले की 6 महिला जनप्रतिनिधि जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत कर रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह के नेतृत्व में पंचायतों का जाल बिछा है, वहीं जनपद और नगर पालिका स्तर पर श्याम बाई मरकाम, जानकी बाई कुसरो, प्रतिमा यादव, ललिता यादव और रीमा यादव जैसी नेत्रियां नागरिक सुविधाओं और महिला उत्थान के लिए समर्पित हैं।

एक नज़रः एमसीबी की महिला शक्ति पर पुलिस प्रशासन रत्ना सिंह (SP), दीपिका मिंज (CSP), तरशीला टोप्पो (DSP)जिला प्रशासन नम्रता आनंद डोंगरे (अपर कलेक्टर), अंकिता सोम (CEO), इंदिरा मिश्रा (डिप्टी कलेक्टर) राजस्व (तहसीलदार) श्रुति धुर्वे, उमंग जैन, सतरूपा साहू, सिद्धि गबेल जनप्रतिनिधि यशवंती सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष), प्रतिमा यादव (नपा अध्यक्ष) अन्य विभाग शशिकला पैकरा (आबकारी), अंकिता मरकाम (आदिवासी विकास), विनीता चौरासे (विपणन) **प्रेरणा का स्रोत बना एमसीबीः** घरेलू जिम्मेदारियों और सार्वजनिक दायित्वों के बीच संतुलन बिठाते हुए ये महिलाएं आने वाली पीढ़ी की बेटियों के लिए 'रोल मॉडल' बन गई हैं। प्रशासनिक निर्णयों में कठोरता और जनसेवा में कोमलता का यह अनूठा संगम एमसीबी जिले को प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक मिसाल बना रहा है।

किसान परिवार को मिली किडनी की बीमारी के इलाज में मदद

सक्ती/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में सक्ती जिले के ग्राम कोंमो निवासी मीना महंत को नया जीवन मिला है। महंत को इस वर्ष जून माह की शुरूआत में अचानक से हार्ट अटैक आया। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया जहाँ डाक्टरों द्वारा उन्हें हार्ट की एक नस में ब्लोकेज होने की बात कही गई तथा हार्ट अटैक के बेहतर इलाज हेतु रायपुर स्थित मेकाहारा में रिफर किया गया। मेकाहारा में उनके स्वास्थ्य जाँच के पश्चात्

डाक्टरों ने उनके हार्ट की सर्जरी कराने तथा सर्जरी में लगभग 05 लाख रुपये खर्च आने की बात कही गई। मीना महंत के पति जगन्नाथ दास ने बताया कि हम सभी संयुक्त परिवार में रहते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। हार्ट सर्जरी की लागत लगभग 05 लाख रुपये आने की जानकारी मिलने पर मेरी पत्नी की सर्जरी का खर्च वहन नही कर सकते थे। हमारे परिवार ने उम्मीद छोड़ दी थी, कि अब कभी मेरी पत्नी स्वस्थ्य हो पाएंगे। जगन्नाथ दास ने बताया कि ऐसे विकट परिस्थिति में हमें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी मिली और मेरी पत्नी के हार्ट की सर्जरी संभव होने की उम्मीद की एक किरण नजर आई। हमने रायपुर मेकाहारा के डाक्टर द्वारा इलाज में आने वाले खर्च का प्रस्ताव बनवाया और मुख्यमंत्री साय के निवास पहुँचकर उनसे इलाज हेतु मदद के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

नशे के अवैध कारोबार पर लगाम जरूरी, स्वप्निल सिन्हा

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। एमसीबी जिले में पैर पसारते नशे के काले कारोबार और इसकी गिरफ्त में आते युवा वर्ग को लेकर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि यदि समय रहते नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से अंकुश नहीं लगाया गया, तो जिले के युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

आम के बेहतर उत्पादन की संभावना

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के शासकीय उद्यान रोपणियों एवं गांवों की अमराइयों में इन दिनों आम के बौरों की सुगंध फैलने लगी है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष आम के पेड़ों पर मंजरियां अधिक सघन, स्वस्थ और प्रचुर मात्रा में दिखाई दे रही हैं। जिले में आम की प्रमुख प्रजातियां दशहरी, चौसा, आम्रपाली एवं लंगड़ा के पेड़ इन दिनों पूरी तरह फूलों से आच्छादित हैं। अनुकूल मौसम और बेहतर मंजरियों की स्थिति को देखते हुए इस वर्ष आम के अच्छे उत्पादन की संभावना व्यक्त की जा रही है। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को आम की बेहतर उपज के लिए आवश्यक सलाह दी जा रही है। विभाग के अनुसार यदि किसान समय-समय पर उचित प्रबंधन अपनाएं, तो आम की उपज में लगभग 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि की जा सकती है।

बालिका कबड्डी अकादमी बिलासपुर में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल 15 को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, बिलासपुर में संचालित आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में शिक्षा सत्र 2026-27 मे प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सरगुजा जिले की इच्छुक एवं पात्र बालिका खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चयन ट्रायल 15 मार्च 2026 को एक दिवसीय आयोजित किया जाएगा।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

क्रमांक/क/अति.तह. / वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 26/02/2026
रा.प्र.क्र. ....../ब-121/2025-26
ग्राम सरकण्डा, प.ह.नं.-32

एतद्द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सरकण्डा, प.ह.नं.-32 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री अतुलकांत खरे पिता स्व. डी.पी. खरे, निवासी सरकण्डा, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र सुर्यांश खरे पिता श्री अतुलकांत खरे के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/02/2026 को दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील | अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रतनपुर, दिनांक 23/02/2026
रा.प्र.क्र. ....
(ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-बारीडीह

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बहुरा बाई मरकाम पति लल्लूराम जाति निवासी ग्राम बारीडीह तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने भाई गौरीशंकर पिता सुनहर का मृत्यु दिनांक 15-11-2017 को ग्राम बारीडीह में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पंचायत बारीडीह में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सचिव ग्राम पंचायत बारीडीह को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 10/03/2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील | कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील-रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रतनपुर, दिनांक 23/02/2026
रा.प्र.क्र. ....
(ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-बारीडीह

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बिजन बाई पति गंगोद जाति निवासी ग्राम बारीडीह तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने भाई बहु कृष्णा बाई पति गौरीशंकर का मृत्यु दिनांक 11-07-2007 को ग्राम बारीडीह में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पंचायत बारीडीह में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सचिव ग्राम पंचायत बारीडीह को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 10/03/2006 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील | कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील-रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
309/186681	Ordinary and Annual Maintenance works of CG Sadan and RC office, East Kidwai Nager New Delhi (प्रथम आमंत्रण)	रू. 75.00 लाख
310/186682	Ordinary and Annual Maintenance works of CG Bhawan, New Delhi. (प्रथम आमंत्रण)	रू. 75.00 लाख
311/186683	ORDINARY AND ANNUAL MAINTENANCE WORK OF CG NIWAS SECTOR-13, DWARKA NEW DELHI (प्रथम आमंत्रण)	रू. 100.00 लाख
312/186684	Ordinary and Annual Maintenance works of Tribal Youth Hostel, Dwarka, New Delhi.. (प्रथम आमंत्रण)	रू. 50.00 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.03.2026 समय सायं 5:30 बजे तक।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 252607044/5 | अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 1, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्र. 01 हेतु दिनांक 16.03.2026, सरल क्र. 02 हेतु दिनांक 19.03.2026 सरल क्र. 03 से 12 हेतु 25.03.2026** तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	नि.आ.सू. क्र./दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	523	कलेक्टोरेट कार्यालय रायगढ़ में दूरस्थ क्षेत्रों में आने वाले आवेदकों / जनसुविधा हेतु विजिटर प्रतीक्षा कक्ष निर्माण कार्य। **तृतीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या - 8443 जमा मद**	13.08
2	524	(1) बाबाधाम कोसमनारा में मुख्य भवन के सामने ग्रेनाईट फर्श सहित शेड भवन का निर्माण कार्य (2) बाबाधाम कोसमनारा में आगंतुकों (जनता) के विश्राम एवं भोजन हेतु शेड भवन का निर्माण कार्य (3) बाबाधाम कोसमनारा में शौचालय परिसर भवन का निर्माण कार्य (4) बाबाधाम कोसमनारा में पार्किंग क्षेत्र हेतु स्टैण्ड कांक्रीट का निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग रायगढ़। मद संख्या - 8443 जमा मद**	119.84
3	525	एफ.सी.आर. गोदाम से राजकिशोर मार्ग लंबाई 0.55 कि.मी. का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या - 24-5054-2457**	161.45
4	526	सेलर बरभांठा मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या- 24-5054-2457**	126.30
5	527	जिला बिलासपुर के निल्यम पुलिस कॉलोनी तिफरा में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर । मद संख्या - जमा मद**	21.26
6	528	शासकीय महाविद्यालय रतनपुर जिला बिलासपुर में रेनोवेशन कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या - 64-4202-5086**	19.61
7	529	जिला मुंगेली के हरनाचाका से भठलीकला मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/10 एवं 2/2 से 2/10 = 1010.00 मीटर में मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या - 24-5054-7984**	96.80
8	530	जिला मुंगेली के दशरंगपुर से सोढ़ार मार्ग के कि.मी. 2/4 से 2/8 एवं सोढ़ार से जगतकापा मार्ग के कि.मी. 1/6 से 1/10 का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या - 24-5054-7984**	95.33
9	531	जिला मुंगेली के सेतगंगा परसवारा मार्ग के कि.मी. 1/8 में 6 मीटर स्पान स्लैब कल्वर्ट एवं पेण्डराकापा भरूवागुडा छटन मार्ग के कि.मी.1/2 एवं 1/6 (160) = 560 मीटर का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या - 24-5054-4090, 24-5054-7984**	74.76
10	532	जिला मुंगेली के देवरी भर्राकुण्डा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/6 = 410 मीटर एवं ठाकुरकापा से लोहाराकापा मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या - 24-5054-7984**	77.10
11	533	जिला मुंगेली के दुल्लापुर से जल्ली पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/4 (100) = 300 मीटर एवं पलानसरी बोड़तरा पहुंच मार्ग के 1/2 एवं 2/2 (100) = 300 मीटर का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या-24-5054-7984**	39.89
12	534	जिला सक्ती के शासकीय वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा में आहाता निर्माण एवं अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग सक्ती। मद संख्या-64-4202-5086**	182.42

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

जी- 252607065/6 | अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि., बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

संकल्प थीम के साथ पेश हुआ छत्तीसगढ़ का बजट, शिक्षा, कृषि और पर्यटन पर विशेष फोकस

मुंगेली/नवप्रदेश। विष्णु देव साय की सरकार का इस वर्ष का बजट संकल्प थीम के साथ प्रस्तुत हुआ, शिक्षा- कृषि, पर्यटन, खेल, स्वास्थ्य और बस्तर-सरगुजा के विकास पर फोकस है. राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 का बजट संकल्प थीम के साथ प्रस्तुत किया है। बजट में समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, रोजगार और कौशल विकास को प्रमुखता दी गई है। यह बजट विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए पांच मुख्यमंत्री मिशन शुरू किए हैं, जिनमें मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन तथा मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन शामिल हैं। बजट में स्कूल शिक्षा के लिए सर्वाधिक 13.5 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। वहीं बस्तर के अबुझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी बनाने की घोषणा की गई है। सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था भी बजट में शामिल है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 23 नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना हेतु 250 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शहरी विकास के लिए मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना में 200 करोड़ रुपए और भूमि विकास बैंक योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 13,500 करोड़ रुपए का बजट रखा

गया है। धान खरीदी में 3100 रुपए प्रति क्विंटल के अंतर की राशि का भुगतान एकमुश्त करने की व्यवस्था भी जारी रहेगी। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास के लिए खाद्य, कृषि और उससे जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु 100 करोड़ रुपए दिए गए हैं। साथ ही बकरी पालन, सूअर पालन और मधुमक्खी पालन जैसे आजीविका के साधनों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इंद्रावती नदी पर देवरगांव और भटनार बैराज निर्माण के लिए 2000 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है, जिससे बस्तर क्षेत्र में सिंचाई योजनाओं का विस्तार होगा। माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बस्तर फाइटर में 1500 नई भर्तियां की जाएंगी। स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने के लिए होमस्टे योजना के लिए 10 करोड़ रुपए रखे गए हैं। युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना शुरू की जाएगी, वहीं लखपति दीदियों के भ्रमण के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर यह बजट लड़कों 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लिए आधार का कार्य करेगा. प्रेस वार्ता में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी,जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, जिला महामंत्री कैलाश ठाकुर, गिरीश शुक्ला,सुनील पाठक,लोकनाथ सिंह अशोक निर्मलकर, मनु श्रीवास्तव, विजय यादव, रिंकू सिंह, शैलेंद्र यादव,राजेश्वर सिंह टंडन आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव द्वारा दिया गया।

न्यूज गैलरी

मुंगेली जिला में ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले की ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिससे पंचायतों को अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाया जा सके। जिला पंचायत अंतर्गत समर्थ पोर्टल में छत्तीसगढ़ पंचायत राज्य एक्ट की धारा 77 उपधारा (1) के तहत ग्राम पंचायतों में संपत्तिकर अधिरोपित किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायतों के राशनकार्डधारियों से स्वघोषणा पत्र भरवाया जा रहा है, जिसमें मकान की पूंजीगत लागत के आधार पर संपत्तिकर निर्धारित किया जा रहा है। संपत्तिकर से प्राप्त राशि का उपयोग गांव में मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि इस कर से प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए किया जाएं, जिससे पंचायतें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और गांवों में विकास कार्यों को गति मिल सके। इसके साथ ही पंचायतों में विकास कार्यों की पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा ग्राम सम्पदा मोबाइल एप भी विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से ग्राम पंचायतों में पिछले 10 वर्षों में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ऑनलाइन देखी जा सकती है। इससे किसी भी निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति और प्रगति की जानकारी कुछ ही क्षणों में प्राप्त हो सकेगी। जिपं सीईओं ने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ लागू करने के लिए सभी जनपद पंचायतों के सीईओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिपं सीईओं ने कहा कि इन पहल से पंचायतों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और गांवों में विकास कार्यों की निगरानी भी बेहतर ढंग से हो सकेगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छतौना में होगा वृहद महतारी सम्मेलन

मुंगेली/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 मार्च को ग्राम पंचायत छतौना में वृहद महतारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी और उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाएं, स्व-सहायता समूह की सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं तथा विभिन्न महिला समूहों की प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आमजन शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जुड़ेगे। मुख्यमंत्री द्वारा महतारी वंदन योजना की चयनित हितग्राही महिलाओं से संवाद भी किया जाएगा, जिसमें वे महिलाओं के अनुभव सुनेंगे और शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में जिले से विधायक एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल होगे। सम्मेलन में महिलाओं को महतारी वंदन योजना, पोषण अभियान, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, स्व-सहायता समूह गतिविधियों, बाल संरक्षण योजनाओं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा, ताकि अन्य महिलाएं भी उनसे प्रेरणा लेकर समाज में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के लिए विभिन्न विभागों द्वारा सूचना स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां उन्हें योजनाओं से संबंधित जानकारी, पंजीयन प्रक्रिया और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा।

सक्ती में बंधन बैंक में बेसिक बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ

सक्ती/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित बंधन बैंक में 6 मार्च को बेसिक बैंकिंग सर्विस सेवाओं का पूर्ण रूप से शुभारंभ हो गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका परिषद शक्ति के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने बैंक प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बैंक के माध्यम से आने वाले ग्राहकों को सभी सुविधाएं मिलेगी एवं शहर सहित क्षेत्र के लोग इस बैंक में अपने जरूरी लेनदेन कर सकेंगे, 6 मार्च को बंधन बैंक शक्ति में बेसिक बैंकिंग सेवाओं के अंतर्गत फिक्स डिपाजिट,आरडी, आरटीजीएस,NAFT, आधार सीडिंग एवं शासकीय कार्य बैंक से संबंधित एवं जितनी भी योजनाएं हैं सबका पूर्ण रूप से शुभारंभ हो गया, तथा इस अवसर पर जहां काफी संख्या में बंधन बैंक के अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे तो वहीं बैंक के खातेदार भी मौजूद थे, इस अवसर पर बंधन बैंक के सीटीएम विष्णु दास, डिविजनल मैनेजर प्राण वल्लभ विश्वास, ब्रांच मैनेजर आशीष कुमार साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

निधन

जयराज सोनी

मुंगेली/नवप्रदेश। महामाई वार्ड निवासी राजाबाबू सोनी के पुत्र जयराज सोनी उम्र 27 वर्ष का 3 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 मार्च को संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

राइस मिलर्स की बैठक में धान के शीघ्र उठाव के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के राइस मिलर्स की महत्वपूर्ण बैठक अपर कलेक्टर जीएल यादव ने ली। बैठक में धान खरीदी के बाद उपार्जन केंद्रों में रखे धान के शीघ्र उठाव एवं मिलिंग प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री यादव ने सभी राइस मिलर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि धान उपार्जन केंद्रों में रखे धान का शत-प्रतिशत उठाव निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि धान के उठाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि किसानों से खरीदे गए धान का समय पर परिवहन एवं मिलिंग कार्य पूरा हो, ताकि भंडारण में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। अपर कलेक्टर ने कहा कि धान के उठाव और परिवहन के दौरान सभी आवश्यक नियमों एवं गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि धान का सुरक्षित भंडारण, समय पर परिवहन और मिलिंग की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। इसके साथ ही मिलर्स को धान उठाव की दैनिक प्रगति की जानकारी संबंधित विभागों को नियमित रूप से उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने धान उपार्जन केंद्रों की स्थिति, उपलब्ध धान की मात्रा तथा उसके उठाव की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होने कहा कि जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव लगातार जारी है और इसे और तेज करने के लिए राइस मिलर्स के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जा रहा है। अपर कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे धान उठाव की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में राइस मिलर्स से सुझाव भी लिए गए तथा धान उठाव की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि धान उठाव और मिलिंग कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी पंकज शेतपाल, जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) एवं सीसीबी नोडल अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जनगणना के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के उद्देश्य, कार्ययोजना, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका और उत्तरदायित्व, भवनों तथा जनगणना मकानों की नंबरिंग, नजरी नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण और गणना से संबंधित प्रश्नों को भरने की विधि तथा स्व-गणना पद्धति के बारे में विस्तार से बताया गया। इससे संसाधनों के बेहतर आवंटन और विकास कार्यों की प्रभावी योजना बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने आमजनों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की अपील भी की। जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रीतेश अहिरवार ने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संग्रहण किया जाएगा। इसके साथ ही स्व-गणना पद्धति भी शुरू की जा रही है, जिसके तहत नागरिक वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इससे विशेष रूप से उन लोगों को सुविधा मिलेगी जो रोजगार या अन्य कारणों से अपने निवास स्थान से दूर रहते हैं। इस अवसर पर प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में कलेक्टर, जिला जनगणना अधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी प्रीतेश अहिरवार, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी के रूप में जिले के एसडीएम, चार्ज अधिकारी के रूप में तहसीलदार तथा नगर चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में सीएमओ उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव ने विद्यालय बंधवा का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के प्रभारी सचिव एवं पीएम श्री योजना के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने आज मुंगेली जिले का दौरा कर पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चंदन कुमार ने स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशाला, खेल सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम श्री योजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप विद्यालय में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अनुभवात्मक एवं शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षा प्रदान करना है। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित होंगे। प्रभारी सचिव ने जिले के पीएम श्री विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप उत्कृष्ट संस्थानों के रूप में विकसित करने एवं विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और उज्जवल भविष्य के लिए कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

किसान की बेटी दर्शना बनीं आईपीएस

जनकपुर/एमसीबी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (MCB) जिले के सुदूर वनांचल और पिछड़े माने जाने वाले भरतपुर ब्लॉक के जनकपुर की रहने वाली दर्शना सिंह ने 383वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस रैंक के साथ दर्शना का भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए चयन लगभग तय माना जा रहा है। दर्शना सिंह एक साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता अरुण सिंह बघेल किसान हैं और सहकारी सोसाइटी का संचालन करते हैं, वहीं उनकी माता सीमा सिंह जनकपुर नगर पंचायत में निर्वाचित पार्षद हैं। दर्शना की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल, भगवानपुर से हुई, जहाँ उन्होंने 12वीं में 97% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इसके बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी की। इंजीनियरिंग के बाद दर्शना ने सिविल सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। अपने पहले प्रयास में वे इंटरव्यू तक पहुँचीं, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो सका। हार मानने के बजाय उन्होंने अपनी गलतियों से सीखा और दूसरे प्रयास में सफलता अर्जित की।

मारपीट के अलग-अलग घटना में मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग मारपीट के घटनाओं में लखनपुर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी सनमान चौधरी वल्द घूरन चौधरी ग्राम कटिन्दा ने 4 मार्च को थाना उपस्थित आकर अपने साथ हुये मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोपी दीपक चौधरी एवं हल्ला सारथी ने आवेदक के साथ सिर्फ इसलिए मारपीट किया कि उसने अपने बाइक को बनवाने की बात दीपक चौधरी के पास कही थी दरअसल आरोपी दीपक चौधरी ने प्रार्थी के बाइक को तोड फोड़ कर क्षति ग्रस्त कर दिया है। वहीं दूसरे मामले में लखनपुर भूईया पारा निवासी चिंता देवी पति संजय चौरासिया ने आरोपी रोहन साय अन्य खिलाफ़ एफ़आईआर दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक तथाकथित आरोपी रोहन साय अपने अन्य साथियों के साथ हुडदंग मचाते हुए हल्ला कर रहे थे महिला ने जब हल्ला गुल्ला करने से मना की तो आरोपी युवकों ने अश्लील गालियां बकते हुए प्रार्थिया महिला को गाली गलौज करते हुए मारपीट किया लखनपुर पुलिस ने दोनों मामलों में संलिप्त आरोपीयों के विरुद्ध धारा सदर 296 (बी) 351(3) 115(2) 3-(5) बीएनएस क़ायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

मनेंद्रगढ़ में गुटखा और सिगरेट की भारी कालाबाजारी, प्रशासन सख्त

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों तंबाकू उत्पादों, विशेषकर गुटखा और सिगरेट की कालाबाजारी चरम पर है। शहर के बड़े थोक व्यापारियों द्वारा कृत्रिम किल्लत पैदा कर अवैध मुनाफाखोरी का खेल धड़ल्ले से जारी है, जिससे न केवल आम जनता बल्कि छोटे दुकानदार भी हलाकान हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, बाजार में जो गुटखा पाउच पहले ?10 में बिकता था, उसे अब ?15 में बेचा जा रहा है। वहीं, 10 मूल्य वाली सिगरेट के लिए ग्राहकों से 15 से 20 तक वसूले जा रहे हैं। फुटकर दुकानदारों का आरोप है कि बड़े थोक व्यापारी माल का स्टॉक जमा कर लेते हैं और 'शॉर्टेज' का बहाना बनाकर ऊंचे दामों पर माल सप्लाई कर रहे हैं। मजबूरी में छोटे दुकानदारों को ग्राहकों से अधिक पैसे लेने पड़ रहे हैं, जिससे आए दिन दुकानों पर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। व्यापारियों का एक वर्ग इस कृत्रिम किल्लत के माध्यम से अतिरिक्त पैसा कमाकर धन जमा करने में जुटा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरी तरह से संगठित कालाबाजारी है, जिस पर लगाम लगाना आवश्यक है।इस गंभीर विषय पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनेंद्रगढ़, लिंगराज सिदार ने बताया कि प्रशासन इस मामले को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा: 'हाल ही में संपन्न हुई लॉ एंड ऑर्डर (कानून-व्यवस्था) की बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई है। कालाबाजारी रोकने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जा रहा है, जो बाजार में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी।

पेज 1 का शेष...

टी-20 विश्व कप 2026 ...

बचाव किया हो, यह अवसर भारत को मिला है और निश्चित तौर पर जिस तरह की फॉर्म टीम ने पकड़ ली है उस तरह का प्रदर्शन अगर फाइनल में भी टीम ने दिखाया तो टीम को चैंपियन बनने से कोई नही रोक पाएगा।

न्यूजीलैंड: चोकर्स का ठप्पा हटाने प्रयास होगा: न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में अजेय मानी जा रही दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से रौंदकर यह साफ कर दिया है कि वे केवल फाइनल खेलने नहीं, बल्कि जीतने आए हैं। न्यूजीलैंड ने अभी तक 2 बार आईसीसी टूर्नामेंट जीता है और दोनों बार उन्होंने फाइनल में भारत को ही पराजित किया है इस इतिहास न्यूजीलैंड टीम को जरूर उत्साहित करेगा ।

छत्तीसगढ़ की महिलाएं ...

से सशक्त हो रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन का लक्ष्य लखपति दीदियों को और अधिक सशक्त बनाकर गांव की प्रत्येक महिला को लखपति बनाना और भविष्य में लखपति ग्राम का निर्माण करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 8 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में 10 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

4.18 करोड़ के इनामी...

के नक्सल प्रभावित इलाकों से जुड़े रहे हैं।

अलग-अलग स्तर के 130 माओवादियों का समर्पण

गौरतलब है कि, समर्पित माओवादियों में स्टेट कमेटी मेंबर 03, आरसीएम 01, डीवायसीएम स्तर के 10, एरिया कमेटी मेंबर 46, पार्टी मेंबर 70 शामिल है। समर्पण के दौरान माओवादी कैडरों से इंसास एलएमजी 01, एक47 21, इंसास रायफल 21, एसएलआर 20, 303 रायफल 18, 9 एमएम कार्बाइन 01, 9 एमएम पिस्टल 2, 8 एमएम बोल्ट एक्शन रायफल 2, कंट्री मेड गन 18, बिजिएल 2 के अलावा और भारी मात्रा में हथियार सामग्री बरामद की गई।

'दुर्भाग्य है... धर्मयुद्ध के...

दूर स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर पहुंचे। यहां 11 बटुकों ने उनका स्वागत किया। फिर पूजा-अर्चना कर संकट मोचन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और अपने संकल्प को दोहराया। इसके बाद शंखनाद और जयकारों के बीच अपनी वैनिटी वैन से लखनऊ के लिए रवाना हुए।

अफीम की खेती देखने पहुंचे...

12-15 किमी दूर स्थित गांव समोदा में एक दिन पहले ही मक्के की खेती के बीच अफीम की अवैध खेती करने का मामला सामने आया था। बच्चों के खेत में घुसकर तोड़ी गई अफीम की बीज ग्रामीणों के बीच पहले चर्चा का विषय रही। अफीम की पुष्टि होने पर ग्राम सरपंच अरुण गौतम ने बात पुलिस तक पहुंचाई, जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी अफीम की खेती के दायरे को देखकर हैरान रह गए।

पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में : 9 एकड़ में की जा रही अफीम की खेती के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। वहीं प्रदेश में अफीम की पहली खेती के राजधानी तक मची हलचल से प्रशासन भी हरकत में आया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने रात में समोदा गांव पहुंचकर अफीम की फसलों का निरीक्षण किया। जानकार अधिकारियों ने मौके पर खेत में अफीम की खेती की पूरी जानकारी दी।

कड़ी मेहनत और लगन से...

लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। लक्ष्य के प्रति समर्पण,अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सुश्री वैभवी अग्रवाल भविष्य में प्रशासनिक सेवा में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए देश और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सुश्री वैभवी अग्रवाल के पिता श्री शीतल अग्रवाल और भाई श्री विनायक अग्रवाल उपस्थित थे।

घरेलू सिलेंडर के दाम 60...

एलपीजी 925 रुपये था। अब यह 985 हो गया है।

सिलेंडर की किल्लत रोकने उत्पादन बढ़ाने का आदेश

सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है।

मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की असली कुंजी: मिताली राज

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विप्स (वीमेन इन पब्लिक सेक्टर) के तत्वावधान में एसईसीएल ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तथा भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और प्रसिद्ध क्रिकेटर मिताली राज मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं।

महिलाएं आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभाएं: दुहन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि आज महिलाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुल रहे हैं और अब समय है कि महिलाएँ आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि एसईसीएल में नारीशक्ति का योगदान निरंतर बढ़ रहा है और संगठन महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिला संचालित डिस्पेंसरी हो, महिला संचालित सेंट्रल स्टोर यूनिट की स्थापना हो या फिर सीएसआर के माध्यम से एसईसीएल के सुश्रुत योजना के तहत युवाओं को डॉक्टर बनने का अवसर प्रदान करना—एसईसीएल महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

'प्रोजेक्ट धराशक्ति' होगा शुरू

श्री दुहन ने बताया कि इन पहलों की सफलता को देखते हुए एसईसीएल इस वर्ष 'प्रोजेक्ट धराशक्ति' शुरू करने जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य भू-स्वामियों और आश्रितों के रूप में एसईसीएल में भर्ती हो रही महिलाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें स्किल ट्रेनिंग और उनकी योग्यता के अनुरूप कामकाज के अवसर उपलब्ध कराना है जिसके लिए हम एक अलग टीम गठित कर रहे हैं।

पुरुष क्रिकेट समान मिल रही सम्मान: मिताली

अपने प्रेरक विचार रखते हुए मिताली राज ने कहा कि आज महिला क्रिकेट ने लंबा सफर तय किया है और अब यह पुरुष क्रिकेट के समान पहचान और सम्मान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब परिस्थितियाँ बिल्कुल अलग थीं और महिलाओं के लिए अपने लिए जगह बनाना आसान नहीं था। उन्होंने बताया कि उस दौर में आगे बढ़ने के लिए मानसिक रूप से मजबूत रहना, अपनी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाना और हर चुनौती का डटकर सामना करना बेहद जरूरी था। सफलता के लिए अनुशासन, कड़ी मेहनत और नियमित प्रशिक्षण की भूमिका को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया।

महिलाएं सपनों को पाने हमेशा तैयार रहें

मिताली राज ने युवाओं, विशेषकर महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे अपने सपनों को पाने के लिए हमेशा तैयार रहें, पूरी निष्ठा से अभ्यास करें, अपने भीतर जज़्बा और संघर्ष की भावना बनाए रखें तथा किसी भी परिस्थिति में हार न मानें। 'अगर आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं और हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं, तो सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी।

न्यूज गैलरी

लीलागर नदी में मिली 3 दिनों से लापता ग्रामीण की लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी अंतर्गत लीलागर नदी में गुरुवार सुबह एक ग्रामीण की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह नदी किनारे पहुंचे ग्रामीणों की नजर पानी में तैरती हुई लाश पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत अन्य ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस द्वारा पहचान कराए जाने पर मृतक की पहचान ईश्वर केंवट उम्र 59 वर्ष पिता छोटू केंवट निवासी मल्हार वार्ड नं 10 नन्दमहल इमलीपारा मल्हार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि ईश्वर साहू बीते 2 मार्च की शाम करीब 5 बजे से अग्रवाल के प्लाट (फार्म हाउस) से लापता हो गए थे, जिनकी परिजन और ग्रामीण लगातार तलाश कर रहे थे।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस डूबने से मौत की आशंका जता रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

खोंड समपार आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए 5 दिन रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अकलतरा -जांजगीर नैला स्टेशनों के मध्य किमी 688/27-29 में स्थित मानव सहित समपार संख्या-351 खोंड फाटक में आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप यह समपार 8 मार्च से 12 मार्च तक रात्रि 8 बजे से सुबह 06 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेगी। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग अकलतरा ओवरब्रिज एवं नया कापन फाटक से उपलब्ध है । रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

सराफा बाजार की ताकत उसके कारीगर: कमल सोनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कमल सोनी आज स्वर्णकार समाज के उन सक्रिय चेहरों में शामिल हैं, जो सिर्फ व्यापार की बात नहीं करते, बल्कि कारीगरों के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य की भी चिंता करते हैं। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वे समाज को संगठित और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उनका मानना है कि स्वर्ण व्यवसाय की असली ताकत उसके कारीगर हैं। यदि कारीगर सुरक्षित और सम्मानित होंगे, तभी यह परंपरागत कला आगे बढ़ेगी।

छत्तीसगढ़ के लिए 263 परियोजनाएं स्वीकृत, 36 माह में पूरे होंगे काम

28,461 घरों के लिए 435 करोड़ की स्वीकृति से 'सभी के लिए आवास' का संकल्प को मिलेगी नई गति: साय

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शहरी गरीबों के लिए बड़े पैमाने पर आवास निर्माण की राह खुल गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत राज्य में 28 हजार 461 नए पक्के घरों के निर्माण के लिए 435 करोड़ रुपये से अधिक की केंद्रीय सहायता स्वीकृत हुई है।

केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति ने राज्य की 263 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत राज्य में 28 हजार 461 नए पक्के आवासों के निर्माण के लिए 435 करोड़ रुपए से अधिक की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई है। हाल ही में 23 फरवरी को केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक में इसकी मंजूरी दी गई। इससे राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हजारों परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आशियाना मिल सकेगा। किफायती आवास साझेदारी घटक के तहत 15 हजार 363 आवासों का निर्माण किया जाएगा।

रतनपुर में नवाचारी प्रोजेक्ट, पात्र लोगों को किराए पर देगा सूडा

केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक में बिलासपुर जिले के रतनपुर में एक अभिनव डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट को भी मंजूरी मिली है। यह परियोजना भारत सरकार की नवाचार आधारित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे देश के चुनिंदा राज्यों में ही स्वीकृत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आधुनिक और उन्नत तकनीकों का उपयोग कर 40 आवास बनाए जाएंगे। इनका निर्माण भवन निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद द्वारा किया जाएगा। राज्य शहरी विकास अभिकरण इन आवासों को पात्र लोगों को किराये पर उपलब्ध कराएगा। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल रतनपुर में आकार लेने वाली यह परियोजना सामाजिक उपयोग के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक होगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव की विशेष कोशिशों से रतनपुर को यह परियोजना मिली है।

जरूरतमंद परिवार को सम्मानजनक आवास दिलाना हमारा संकल्प: साव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सभी के लिए आवास' के संकल्प को साकार करने देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में शहरी गरीबों को किफायती और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने सक्रियता से काम किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव नियमित समीक्षा कर आवासों के आबंटन और इनके निर्माण में तेजी व पारदर्शिता सुनिश्चित करने विभागीय अधिकारियों को लगातार निर्देशित कर रहे हैं। केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तुत 263 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें 211 लाभार्थी आधारित निर्माण परियोजनाएं और 52 किफायती आवास साझेदारी परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेशभर के नगरीय निकायों में कुल 28 हजार 461 आवासों का निर्माण किया जाएगा। लाभार्थी आधारित निर्माण घटक के तहत 13 हजार 058 आवासों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें पात्र हितग्राही अपनी स्वयं की भूमि पर पक्का घर बना सकेंगे। प्रथम बैच में 52 परियोजनाओं के माध्यम से 3844 आवासों को मंजूरी दी गई है, जिसके लिए 57 करोड़ 66 लाख रुपए की केंद्रीय सहायता स्वीकृत हुई है। वहीं द्वितीय बैच में 159 परियोजनाओं के अंतर्गत 9214 आवासों के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिसके लिए 138 करोड़ 21 लाख रुपए की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई है। इन आवासों की प्रति इकाई परियोजना लागत लगभग 3 लाख 89 हजार रुपए निर्धारित की गई है।

सड़क में गुंडागर्दी करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीच सड़क में गुंडागर्दी करने वाले 3 बदमाशों को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जय कुमार केवंट पिता जगमोहन लाल केवंट उम्र 23 साल निवासी सतबिहिनिया मंदिर के पास तोरवा, नंदकिशोर यादव पिता रामा यादव उम्र 30 साल पता लालखदान तोरवा और शोभित निषाद पिता सरवन निषाद उम्र 19 साल पता हेमुनगर तोरवा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 6 मार्च के रात्रि में 20.30 बजे लालखदान चैक के पास आपस में मारपीट हो रहे हैं कि सूचना पर तोरवा पुलिस के द्वारा त्वरित मौके पर पहुंचकर गुटबाजी कर दंगा करते 3 युवकों को मौके से पकड़कर थाना लाया गया। घटना की तस्दीकी जांच कर बदमाशो के विरूद्ध धारा 194(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो की गिरफ्तारी कार्रवाई की गई।

अवैध चाकू सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध रूप से चाकू रखने वाले आरोपी को तारबाहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 नग बटनदार स्टील का चाकू जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा अवैध रूप से चाकू रखने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वो पर नजर रखने निर्देशित किया गया। निरी. रविन्द्र अनंत थाना प्रभारी थाना तारबाहर के नेतृत्व में टीम बनाकर पेट्रोलिंग ड्यूटी पर रवाना हुये थे कि मुखबीर से सूचना मिला कि शिवनेरी होटल के पार्किग में एक व्यक्ति अपने जेब में चाकू रखकर खड़ा है कि सूचना पर तत्काल मौके पर घेराबंदी कर आरोपी लक्की यादव को पकड़कर गिरफ्तार किया।

सकरी उपसंभाग में बिजली बिल बकाया राशि वसूली व लाइन कनेक्शन काटे

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 7 मार्च को बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बस्ट सर के आदेशानुसार एवं अधीक्षण यंत्री सुरेश कुमार जांगड़े के मार्गदर्शन में सकरी उपसंभाग में मास डिस्कनेक्शन किया गया डिस्कनेक्शन के लिए 8 टीम का गठन किया गया। डिस्कनेक्शन में 46 बकायादारों से पांच लाख नौ हजार आठ सौ अट्ठाइस रुपए की वसूली की गई। 81 उपभोक्ताओं का लाइन काटा गया जिसकी राशि पैतालीस लाख सैंतालीस हजार नौ सौ आठ रुपए है। मास डिस्कनेक्शन में असमा कॉलोनी के सात कनेक्शन जिसकी बकाया राशि पंद्रह लाख छत्तीस हजार थी काटा गया, ग्राम मेंड्रा के राजकुमार बकाया राशि 83974/-, संस्कृति विहार के साधना सूर्यवंशी बकाया राशि 64731/-, पंकज कुमार बकाया राशि 62164/-, राजेश वर्मा असमा सिटी बकाया राशि 51006/-, पूजा साहू सकरी बकाया राशि 44233/-, श्यामा साहू बकाया राशि 44016/-, दीपक कुमार सूर्यवंशी ग्राम सईदा बकाया राशि 40837/-, अनिल कुमार गुप्ता सागरदीप 39120/-, श्याम बाई ग्राम सईदा 37458/-, तरुण कुमार त्रिवेदी रामा लाइफ सिटी बकाया राशि 37116/-, परदेशी सकरी बकाया राशि 35779/- और अन्य बकायादारों का लाइन काटा गया। आज के डिस्कनेक्शन में कार्यपालन यंत्री सिटी विजिलेंस सी पी गढ़ेवाल, एस के मुख्तार, पूर्णिमा सिंह, अनुपम सरकार, सहायक यंत्री प्रमोद कुमार चौबे, जीतेश दिव्य, वरदान खलखो, कनिष्ठ यंत्री कु. कंचन खूंटे एवं सकरी उपसंभाग के कर्मचारी शामिल रहे।

स्पाइन सर्जरी व परामर्श शिविर 3 अप्रैल से

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्व. दिलीप सिंह जुदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में स्पाइन (रीढ़) से संबंधित रोगों के उपचार के लिए विशेष स्पाइन सर्जरी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 3, 4 और 5 अप्रैल को स्पाइन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, मुंबई के सहयोग से आयोजित होगा। शिविर में देश के ख्यातिप्राप्त स्पाइन सर्जिकल विशेषज्ञ मरीजों की जांच, परामर्श और आवश्यकता अनुसार सर्जरी करेंगे। इस शिविर का उद्देश्य रीढ़ की हड्डी से संबंधित गंभीर समस्याओं से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराना है। रीढ़ की हड्डी से संबंधित जिन मरीजों को कमर दर्द का पैरों तक फैलना, मल-मूत्र पर नियंत्रण न रहना, पैरों में झुनझुनी या सुन्नता, पैरों में कमजोरी, गर्दन का दर्द हाथों तक फैलना, स्कोलियोसिस अथवा रीढ़ की असामान्य वक्रता जैसी समस्याएं हैं, वे इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

कोकराझार लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भरी नई ऊर्जा

बिलासपुर/नवप्रदेश। असम के कोकराझार लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे भारत सरकार के केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने क्षेत्र में डेरा डालकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं के साथ व्यापक संवाद किया। उनके इस प्रवास से भाजपा पदाधिकारियों, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रवास के दौरान श्री साहू ने चिरांग जिले के बिजनी विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में भाजपा पदाधिकारियों, बूथ कार्यकर्ताओं तथा एनडीए के सहयोगी दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं और संगठनात्मक गतिविधियों को और सशक्त बनाने पर चर्चा की। अपने संबोधन में केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन बन चुकी है। देशभर में 18 करोड़ से अधिक सदस्य और 11 लाख से अधिक सक्रिय बूथ संगठन पार्टी की ताकत का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की विचारधारा और संगठन की शक्ति का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में देश में सेवा, सुशासन और विकास की नई राजनीति स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व की भी सराहना करते हुए कहा कि राज्य में संगठन और सरकार के समन्वय से विकास और जनविश्वास दोनों में निरंतर वृद्धि हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के सरल, सक्रिय और कार्यकर्ता-केंद्रित नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कोकराझार लोकसभा क्षेत्र में प्रवास संगठन के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और एनडीए के सहयोगी दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने तथा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

योजना: जिले के 1,00,308 किसानों को मिलेगा लाभ, खातों में आएंगे 2-2 हजार रुपए

पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त 13 को होगी जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। योजना की 22वीं किस्त 13 मार्च को जारी की जाएगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा असम के गुवाहाटी से आयोजित कार्यक्रम में शाम 5 बजे देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि अंतरित की जाएगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के दौरान देश के लगभग 9.32 करोड़ पात्र किसानों को 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। जिले में भी इस योजना का व्यापक लाभ किसानों को मिल रहा है। जिले के कुल 1,00,308 पात्र किसानों को इस किस्त का लाभ मिलेगा, जिनके बैंक खातों में 2-2 हजार रुपये की राशि सीधे जमा की जाएगी। इससे जिले के किसानों को खेती-किसानी से जुड़े खर्चों को पूरा करने में सहायता मिलेगी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 2019 से है शुरु

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना वर्ष 2019 में प्रारंभ की गई थी, जिसके अंतर्गत पात्र कृषक परिवारों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। अब तक इस योजना के तहत देशभर के किसानों को 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है।इस अवसर को विशेष रूप से मनाने के लिए 13 मार्च 2026 को 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में भी मनाया जाएगा। इस दिन जिले के विभिन्न ग्रामों में किसान बैठकें, जागरूकता कार्यक्रम और वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक किसान इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। कृषि विभाग के उप संचालक पीडी हथेश्वर ने बताया कि जिन किसानों ने अभी तक ई-केवाईसी, आधार सीडिंग या बैंक खाते की जानकारी अपडेट नहीं कराई है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा कर लें, ताकि उन्हें योजना की आगामी किस्तों का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके।

वूमेंस अंपायर फाउंडेशन ने बच्चों को होली की सामग्री भेंट की

बेलतरा/नवप्रदेश। होली त्यौहार के पहले वूमेंस अंपायर फाउंडेशन द्वारा मातृछाया सेवा भारती बिलासपुर में छोटे बच्चों को होली की बधाई देते हुए होली की सामग्री एवं शिशुओं के लिए उनके लिए खाद्य पदार्थ भेंट किया गया। बालक की संख्या 10 एवं बालिकाओं की संख्या 6 है इस अवसर पर अध्यक्ष गंगा साहू ने बताया कि सभी बच्चों से मिलकर बहुत अच्छा लग और वूमन अंपायर फाउंडेशन की विचारधारा कि अपने परिवार के साथ तो सभी हर त्यौहार हर खुशियां मनाते हैं लेकिन कोई एक त्यौहार और थोड़ी सी खुशियां उन बच्चों के साथ भी मनाए जिनके मां बाप नहीं है जो आश्रम में बड़े होते हैं, मातृ छाया, मात पिता का स्थान स्वर्ग के समान है हमें इनका अधिक से अधिक सेवा करनी चाहिए सेवा कर रहे हैं स्टाफ को भी होली की बधाई दिया गया। इस अवसर पर वूमेंस अंपायर फाउंडेशन के अध्यक्ष गंगा साहू, सचिव दीप्ति लता साहू ,कोषाध्यक्ष सुकृता साहू ,उपाध्यक्ष प्रेमलता ठाकुर, संगठन सचिव लक्ष्मी पोर्टे सदस्य वंदना साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026
के अवसर पर
वृहद
महतारी
वंदन
सम्मेलन-2026
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
महतारी गौरव वर्ष
08 मार्च 2026
दोपहर 12:00 बजे
लाल बहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम, जनपद पंचायत बस्तर
सखी वन स्टॉप सेंटर
SOP लागू करने वाला पहला राज्य, संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी मदद
महतारी वंदन योजना
69 लाख से अधिक महिलाओं को ₹15,595 करोड़ की सहायता
2026-27 बजट में ₹8,200 करोड़ का प्रावधान
मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना
दो वर्षों में 21,754 बालिकाओं का विवाह संपन्न
प्रत्येक जोड़े को ₹50,000 की सहायता राशि
यूनिटी मॉल
महिला स्व-सहायता समूहों को नवा रायपुर में उत्पादों के विक्रय हेतु व्यापक बाज़ार
लखपति दीदी श्रमण योजना
₹05 करोड़ का बजटीय प्रावधान
लखपति दीदियों को कराया जाएगा एक्सपोजर विजिट
लखपति दीदी योजना
8 लाख से अधिक महिलाएं बनीं लखपति दीदी
10 लाख अतिरिक्त महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य
रजिस्ट्री शुल्क
महिलाओं को रजिस्ट्री शुल्क में 50% की छूट का बजटीय प्रावधान
महतारी सदन
368 महतारी सदनों के निर्माण हेतु ₹108.78 करोड़ स्वीकृत
137 महतारी सदनों का निर्माण पूर्ण
बिहान योजना
42,878 महिला स्व-सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक ₹129.46 करोड़ का लाभ
रेडी टू ईट
पायलट प्रोजेक्ट के रूप में महिला स्व-सहायता समूहों को पुन: रेडी टू ईट के कार्य की ज़िम्मेदारी
S - 47110
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

न्यूज गैलरी

जींद में रंग बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग, पांच की मौत

सफीदों (जींद)। सफीदों में होली के रंग बनाने वाली एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में पांच महिलाओं की झुलसकर मौत हो गई। कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, फैक्टरी में लगभग 30 मजदूर काम कर रहे थे। साथ ही बताया जा रहा है कि गंभीर घायलों को पानीपत सिविल अस्पताल भेजा गया है। वहीं, मजदूरों ने बताया कि हादसे के समय कंपनी में बाहर की तरफ ताला लगा हुआ था कोई भी मजदूर भागने नहीं पाया। घायलों को दो एंबुलेंस की सहायता से जींद नागरिक अस्पताल लाया गया। पहली एंबुलेंस से तीन घायलों को अस्पताल लाया गया। इनमें सफीदों निवासी रानी (45) पत्नी अनिल कुमार, जगबीर (40) पुत्र चंद्रभान निवासी आदर्श कॉलोनी सफीदों तथा पवन कुमार (30) पुत्र बालवीर निवासी निसंग, जिला करनाल शामिल हैं। वहीं जगबीर और पवन कुमार को भी उपचार के लिए भर्ती किया गया है। इसके अलावा सफीदों से ही कश्मीरी (39) पत्नी लाभ सिंह निवासी शिव कॉलोनी तथा कमलेश (54) पत्नी रमेश निवासी गीता कॉलोनी को भी झुलसने की हालत में नागरिक अस्पताल जींद लाया गया। एक अन्य घायल बिमला (60) पत्नी सत कुमार निवासी सफीदों को भी उपचार के लिए नागरिक अस्पताल जींद पहुंचाया गया। सफीदों की भाट कॉलोनी में फैक्टरी में काम करने वाली 16 महिलाओं व 2 पुरूषों को जली हालत में बाहर निकाला गया।

उत्तम नगर में मर्डर से तनावः तरुण हत्याकांड में अब तक सात गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तम नगर में तरुण की हत्या के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मृतक तरुण के पिता ने कहा कि हमारी मांग है कि हमारे बेटे को इंसाफ मिले। पुलिस ने कोई जांच नहीं की। न ही हमसे उसके बारे में पूछा है। वे कह रहे हैं कि उन्होंने 5-6 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने हमें यह नहीं दिखाया कि उन्होंने किसे गिरफ्तार किया है। हम सीबीआई जांच चाहते हैं। आगे कहा कि हम कल पुलिस स्टेशन भी गए थे, लेकिन उन्होंने दरवाजे बंद कर दिए। जब हम विरोध करने के लिए सड़कों पर गए, तो उन्होंने लाठीचार्ज कर दिया। जैसे ही मेरा बेटा आया, 15-20 लोगों ने उस पर हमला कर दिया और उसे मौके पर ही मार डाला। वे सभी यहां घूम रहे थे, लेकिन पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया। होली के दिन उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में एक नाबालिग लड़की के पानी से भरा गुब्बारा फेंकने को लेकर अलग-अलग समुदाय के दो परिवार भिड़ गए थे। बाद में दूसरे पक्ष ने होली खेलकर आ रहे लड़की के रिश्तेदार तरुण की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना को लेकर इलाके में तनाव है और इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। शुक्रवार को आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर के सामने बाइक और कार में आग लगा दी थी।

सरकार-संगठन की समीक्षा के साथ भाजपा का चुनावी शंखनाद, शाह ने की जनसभा

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के द्वार से चुनावी मोड में प्रवेश कर दिया है।

गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा के लिए हरिद्वार को चुनने का कारण इसलिए भी है क्योंकि इस जिले में कांग्रेस, बसपा को हर चुनाव में जीत मिलती रही है। पार्टी ने यहां से चुनावी शंखनाद कर मिशन 2027 के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की तैयारी की है। लगातार नौ साल से सरकार चला रही भाजपा तीसरी जीत को सुनिश्चित करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती। लगातार दो सरकार के बाद सत्ता विरोधी सुरों से विपक्षी कांग्रेस अपनी तान न छेड़ दे, इसलिए पहले ही भाजपा ने बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इसी कड़ी में आज सात मार्च को भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी जनसभा से शुरुआत की गई है।

दिल्ली की सरकार दया पर टिकी ज्यादा दबाव डाला तो गिरा दूंगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने धरना कार्यक्रम के दूसरे दिन केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कड़ी चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि अगर ज्यादा दबाव बनाया गया तो वह दिल्ली की सरकार भी गिरा सकती हैं। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं चंद्रबाबू नायडू की दया पर तुम्हारी सरकार बनी हुई है। कोलकाता में जारी धरना मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को सावधान रहना चाहिए, क्योंकि बंगाल की जनता को कमजोर समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ÷वोट काटकर बंगाल को बांटने की कोशिश पहले भी की गई, लेकिन यह सफल नहीं हो सकी। बंगाल लड़ना जानता है और यहां के लोग लोकतंत्र की रक्षा करना भी जानते हैं। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के मुद्दे को लेकर भी संकेतात्मक टिप्पणी की।

पश्चिम एशिया में तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर तैनात करने की तैयारी, डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को लंबा खिंचने के दिए संकेत

ईरान पर हमले और तेज करेगा अमेरिका

वॉशिंगटन (ए.)। ईरान के साथ तेज होते युद्ध के बीच अमेरिका अपना तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर पश्चिम एशिया में तैनात कर सकता है। अमेरिका के दो एयरक्राफ्ट कैरियर पहले से ही पश्चिम एशिया में हैं। ईरान पर हमले से काफी पहले इनको यहां तैनात किया गया था। अमेरिका और इजरायल के 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद क्षेत्र का बड़ा हिस्सा युद्ध की चपेट में आ गया है। माना जा रहा है कि एक और एयरक्राफ्ट भेजकर अमेरिका अपने हमले तेज सकता है।

फॉक्स न्यूज ने यूएस नेवी के हवाले से बताया है कि यूएसएस जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश ने गुरुवार को अपनी प्री-डिप्लॉयमेंट ट्रेनिंग पूरी कर ली है। इसके बाद इसे मिडिल ईस्ट भेजा जा सकता है। कैरियर और उसके एस्कॉर्टिंग वॉरशिप और एयर विंग को कंपोजिट यूनिट ट्रेनिंग एक्सरसाइज पूरी की है। यह ट्रेनिंग सभी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप्स को नेशनल टास्किंग के लिए सर्टिफाइड होने से पहले करनी होती है।

इजरायल ने ईरान के खिलाफ लॉन्च की हमलों की नई लहर, 80 फाइटर जेट से बमबारी

इजरायल की सेना ने कहा है कि उसने ईरान के खिलाफ हवाई हमलों की नई लहर लॉन्च की है। इसमें तेहरान और इस्फहान पर भारी बमबारी की गई है। एक बयान में सेना ने कहा, आईडीएफ ने तेहरान और इस्फहान में ईरान के आतंकवादी शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। इसके पहले इजरायली रक्षा बलों ने कहा था कि उसके 80 फाइटर जेट ने तेहरान और सेंट्रल ईरान को निशाना बनाकर रातभर बमबारी की है। ईरानी राजधानी में धमाकों की आवाज सुनी गई है।

दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर धमाके

इस बीच ईरान ने मिडिल ईस्ट के देशों में जवाबी हमले किए हैं। शनिवार को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर धमाकों की आवाज सुनी गई, जिससे फ्लाइट्स रोकनी पड़ीं। सरकार ने बताया कि एयर डिफेंस को एक्टिवेट कर दिया गया है, वहीं यात्रियों को अलर्ट बजने के बाद एयरफील्ड में ट्रेन टनल में उतरना पड़ा।

अमेरिका की तेहरान को अंतिम चेतावनी

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध अब अपने सबसे विनाशकारी मोड़ पर पहुंच गई है।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के आठवें दिन वाशिंगटन ने तेहरान पर अब तक के सबसे बड़े हमले का ऐलान कर दिया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने शनिवार को फॉक्स न्यूज से बातचीत में स्पष्ट किया कि आज की रात ईरान के सैन्य ढांचे के लिए निर्णायक साबित होने वाली है।

ईरान की मिसाइल शक्ति को खत्म करने का ब्लूप्रिंट: अमेरिकी प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इस आगामी बड़े हमले का प्राथमिक उद्देश्य ईरान की आक्रामक क्षमताओं को पूरी तरह पंगु बनाना है। वित्त मंत्री बेसेंट के अनुसार, गठबंधन सेना ईरान के मिसाइल लॉन्चर्स और मिसाइल बनाने वाली प्रमुख फैक्ट्रियों को निशाना बनाएगी। इस रणनीतिक कार्रवाई के जरिए अमेरिका का लक्ष्य ईरान की लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता को काफी हद तक कमजोर करना है, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता को फिर से बहाल किया जा सके।

ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का किया ऐलान, राष्ट्रपति ने मांगी माफी

ईरान के राष्ट्रपति ने कहा है कि अब पड़ोसी देशों पर हमले नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि ईरान पड़ोसी देशों को उस वक्त तक

निशाना नहीं बनाएगा जब तक कि वहां की जमीन से हमला ना हो। ईरान की अंतरिम लीडरशिप काउंसिल ने इसको लेकर मंजूरी दे दी है कि अब पड़ोसी देशों पर हमला नहीं किया जाएगा जब तक कि ईरान पर हमला वहां से न हो। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने इसकी जानकारी दी है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने पिछले दिनों पड़ोसी देशों पर किए गये हमलों के लिए माफी भी मांगी है। ईरान के राष्ट्रपति के ऐलान के बाद कतर में लोगों के मोबाइल पर एक मैसेज भेजा गया है, जिसमें कहा गया कि अब 'सुरक्षा का खतरा खत्म हो गया है और स्थिति नॉर्मल हो गई है' लेकिन तभी फिर से मिसाइल हमला हो गया। ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का ऐलान उस वक्त किया है जब सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने जवाबी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी थी।

डोनाल्ड का ईरान को अल्टीमेटम 'बिना शर्त आत्मसमर्पण करो', वरना युद्ध

नई दिल्ली (ए.)। मध्य पूर्व में गहराते युद्ध के बादलों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर अब तक का सबसे सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में संदेश दिया है कि अब बातचीत की मेज पर केवल एक ही विकल्प मौजूद है–ईरान का 'बिना शर्त आत्मसमर्पण'। इस बयान ने न केवल युद्ध की गंभीरता को बढ़ा दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भी खलबली मचा दी है। अमेरिका की इस 'नो-डील' नीति ने साफ कर दिया है कि वह अब किसी भी तरह के समझौते या मध्यस्थता के मूड में नहीं है।

ट्रंप का कड़ा संदेश और 'नो-डील' की घोषणा: राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के प्रति अपनी रणनीति को पूरी तरह स्पष्ट करते हुए कहा है कि अमेरिका अब किसी भी छोटी-मोटी शर्तों पर समझौता नहीं करेगा। उन्होंने 'अनकंडीशनल सरेंडर' यानी बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग रखकर यह संकेत दिया है कि ईरान को अपनी तमाम सैन्य और परमाणु गतिविधियों को पूरी तरह रोकना होगा। ट्रंप का यह संदेश सीधे तौर पर ईरान के नेतृत्व के लिए एक बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

पश्चिम एशिया में नहीं सुधरे हालात 11 मार्च तक की सभी परीक्षाएं स्थगित

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मध्य पूर्व के कुछ देशों में आयोजित होने वाली कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड की ओर से 7 मार्च 2026 को जारी एक आधिकारिक सर्कुलर में यह जानकारी दी गई है। सीबीएसई के अनुसार, बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (ध्श्व) में स्थित सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के लिए यह फैसला लिया गया है।

बोर्ड ने इन क्षेत्रों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के बाद यह निर्णय किया है। जारी सर्कुलर के मुताबिक, इन देशों में 9 मार्च 2026 (सोमवार), 10 मार्च 2026 (मंगलवार) और 11 मार्च 2026 (बुधवार) को होने वाली कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी। सीबीएसई ने यह भी कहा है कि वह 10 मार्च 2026 को स्थिति की दोबारा समीक्षा करेगा। इसके बाद 12 मार्च से आगे निर्धारित परीक्षाओं के संबंध में उचित निर्णय लिया जाएगा। यानी फिलहाल केवल 9 से 11 मार्च तक की परीक्षाओं को ही टाला गया है, जबकि आगे की परीक्षाओं पर अंतिम फैसला स्थिति की समीक्षा के बाद लिया जाएगा।

पंचायतीराज चुनाव में लगेगा रोस्टर अंशकालिक जल वाहक होंगे नियमित

शिमला। हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 28, 87, 88 और 89 में प्रस्तावित संशोधनों पर आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करने का निर्णय लिया। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार वर्ष 2010 को आधार वर्ष मानते हुए जो पंचायतें लगातार दो

कार्यकाल तक आरक्षित रही हैं, उन्हें आगामी पंचायत चुनावों में आरक्षित नहीं किया जाएगा। इस तरह पंचायतीराज चुनाव में साल 2010 के अंत के आरक्षण रोस्टर लगाने की तैयारी है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी।

मंत्रिमंडल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियम, 2010 में बदलाव को भी मंजूरी दी, जिसमें 'बेसहारा' शब्द को और साफ तरीके से फिर से बताया गया और पेंशन के लाभ पाने के लिए प्रमाणन प्रक्रिया को आसान बनाया गया। बदले हुए नियमों के तहत जिन महिलाओं को उनके पति ने छोड़ दिया है, जो उनके साथ नहीं रह रही हैं और जिनके पास कमाई का कोई अलग जरिया नहीं है, उन्हें बेसहारा महिला माना जाएगा।

ईरान की जंग में उतरेगा पाकिस्तान! मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री के बीच हुई बैठक

दुबई। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब सीधे निशाने पर है। खाड़ी के इस देश के ऑयल फील्ड और एयरपोर्ट पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसी बीच रियाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान की अहम बैठक हुई।

बैठक में ईरान के हालिया हमलों और उन्हें रोकने के उपायों पर चर्चा हुई। सऊदी रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बैठक संयुक्त रणनीतिक

रक्षा समझौते के तहत हुई और इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर दिया।

ईरान और सऊदी अरब के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका अहम हो गई है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संसद में खुलासा करते हुए कहा कि हाल के दिनों में ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमलों में कमी या प्रतिक्रिया न देने के पीछे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल रही है। यह खुलासा पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति को और जटिल बना देता है।

पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका का खुलासा

इशाक डार ने बताया कि पाकिस्तान का सऊदी अरब के साथ एक रणनीतिक रक्षा समझौता है। जब ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव बढ़ा, तो पाकिस्तान ने तत्काल ईरान से संपर्क किया। पाकिस्तान ने ईरान को इस रक्षा समझौते के बारे में आगाह किया और आश्वासन मांगा कि सऊदी अरब की जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान ने ईरान को यह आश्वासन भी प्रदान किया। इस कूटनीतिक प्रयास ने तत्काल टकराव को टालने में मदद की।

अब तक चल रहे संघर्ष में खाड़ी देशों ने सीधे टकराव से खुद को दूर रखा था और अमेरिका ने भी इन देशों की जमीन का इस्तेमाल अपने हमलों के लिए नहीं किया था। हालांकि, अगर ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमले जारी रहते हैं और सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौता सक्रिय हो जाता है, तो स्थिति पूरी तरह से बदल सकती है।

सऊदी अरब के ऑयल फील्ड पर हमले

हाल के दिनों में ईरान ने सऊदी अरब के शायबा ऑयल फील्ड को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि छह ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि दो बैलिस्टिक मिसाइलें प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास नष्ट की गईं। यह क्षेत्र यूएई की सीमा के पास स्थित है और पिछले हमलों के बाद अब ईरान सीधे इसमें शामिल हो रहा है।

सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस-26 सीरीज की अर्ली डिलीवरी शुरू करने की घोषणा की

गुरुग्राम। भारत - 6 मार्च 2026: भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज भारत में उन ग्राहकों के लिए अपनी सबसे उन्नत एआई-आधारित स्मार्टफोन लाइन, गैलेक्सी एस 26 सीरीज की अर्ली डिलीवरी की घोषणा की है, जिन्होंने इन डिवाइसेज को प्री-बुक किया था। गैलेक्सी एस 26 सीरीज ङ्क जिसमें एस 26 अल्ट्रा, एस 26+ और एस 26 शामिल हैं ङ्क मोबाइल फोन के लिए दुनिया का पहला बिल्ट-इन प्राइवेसी डिस्प्ले पेश करती है, जो डिस्प्ले अनुभव की एक नई श्रेणी की शुरुआत करता है। साथ ही इसमें एजेंटिक एआई है, जो चुपचाप रोज़मर्रा के काम संभाल लेता है

ताकि यूज़र्स उन चीज़ों पर ध्यान दे सकें जो वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5 प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है, जो इसके 7.9 मिमी के पतले डिज़ाइन में सीपीयू, जीपीयू और एनपीयू के प्रदर्शन में भारी सुधार लाता है। इसमें सुपर-फास्ट चार्जिंग 3.0 की सुविधा है, जिससे यह सिर्फ 30 मिनट में लगभग 75% तक चार्ज हो सकता है। कैमरे के मामले में भी गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। इसमें बेहतर लो-लाइट फोटोग्राफी के लिए बड़े अपर्चर और कम रोशनी में भी जीवंत व स्पष्ट फुटेज के लिए बेहतर ×#39;नाइटोग्राफी वीडियो शामिल है। इसकी अपग्रेडेड सुपर स्टेडी; तकनीक वीडियो रिकॉर्डिंग के दौरान स्थिर फ्रेमिंग सुनिश्चित करती है। इसके एआई आईएसपीमें सुधारों का लाभ सेल्फी कैमरे को भी मिलता है, जो हर तरह की रोशनी में प्राकृतिक स्किन टोन्स और बारीक डिटेल्स देता है। विशेष रूप से, यह डिवाइस एडवांस्ड प्रोफेशनल वीडियो मानक को सपोर्ट करने वाला पहला गैलेक्सी फोन है, जो हाई-क्वालिटी वीडियो को कुशलता से कंप्रेस करने में मदद करता है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में होगा

नई दिल्ली। पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन 25 मार्च से 6 अप्रैल के बीच छत्तीसगढ़ के तीन शहरों - रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा - में किया जाएगा। इन खेलों में सात पदक स्पर्धाएं - एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती- शामिल होंगी। इसके अलावा दो डेमो गेमङ्क मल्लखंभ और कबड्डी - भी आयोजित किए जाएंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसकी घोषणा गुरुवार को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने की। डॉ. मांडविया ने कहा, ÷खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हमारे बढ़ते हुए प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य हर उस युवा को अवसर और मंच प्रदान करना है जो खेलना चाहता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन का हिस्सा है, और इस यात्रा में खेलों की बहुत बड़ी भूमिका है। डॉ. मांडविया ने इस बात पर जोर दिया कि ये खेल आदिवासी क्षेत्रों से उभर रही प्रतिभाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना बेहद अहम है और हमारे खिलाड़ी आधार का लगातार विस्तार समय की आवश्यकता है।

धुरंधर-2 के ट्रेलर पर दर्शक लुटा रहे प्यार

मुंबई। रणवीर सिंह की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन, मार-धाड़ और खून खराबा दिखाया गया है। ट्रेलर को दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं और इस पर रिएक्शन भी दे रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस ट्रेलर को 3 घंटे में कितने व्यूज मिले हैं।

'धुरंधर 2' के ट्रेलर को कितने व्यूज मिले?

'धुरंधर 2' के ट्रेलर को आज सुबह 11:01 बजे जियो स्टूडियोज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। तीन घंटे में इसे 4.50 लाख व्यूज मिले हैं। ट्रेलर पर लगातार व्यूज बढ़ रहे हैं। 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा संजय दत्त, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल और दूसरे कलाकार भी हैं। इसके निर्देशक और लेखक आदित्य धर हैं। फिल्म के निर्माता ज्योति देशपांडे और लोकेश धर हैं।

बॉक्स ऑफिस पर टली टक्कर

'धुरंधर 2' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसी दिन यश की फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज होने वाली थी। मगर अब इस फिल्म की रिलीज टल गई है। फिल्म के मेकर्स ने बताया है कि मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से यह फैसला लिया गया है।

निर्मला ने अपनी बिटिया के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खुलवाया खाता

निर्मला के जीवन में महतारी वंदन योजना से आया सकारात्मक बदलाव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुमरदा निवासी श्रीमती निर्मला कोलियारे के जीवन में महतारी वंदन योजना से सकारात्मक बदलाव आया है। श्रीमती निर्मला ने बताया कि राज्य शासन द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से उन्हें आर्थिक संबल मिला है, जिससे वे अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर पा रही हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस योजना की शुरूआत की गई, तब उन्होंने भी इसका लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। महतारी वंदन योजना के तहत 10 मार्च 2024 से उन्हें प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्राप्त हो रही है। इस राशि ने उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है। उन्होंने इस राशि का उपयोग अपनी बिटिया के उज्जवल भविष्य के लिए करने का निर्णय लिया।

श्रीमती निर्मला ने बताया कि अपनी बिटिया के नाम से उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाया। पहले आर्थिक तंगी के कारण वे वर्ष में केवल 1 हजार रूपए ही जमा कर पाती थी, लेकिन अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से वे प्रतिमाह 500 रूपए कुल प्रतिवर्ष 6000 हजार रूपए जमा कर पा रही है। इससे उन्हें अपनी बेटी की शिक्षा और भविष्य को लेकर अब काफी भरोसा मिला है। इसके साथ ही अब वे अपने परिवार के लिए पौष्टिक फल और सब्जियां भी खरीद पा रही है, जिससे परिवार के स्वास्थ्य में सुधार आया है। श्रीमती निर्मला कोलियारे ने बताया कि महतारी वंदन योजना उनके जैसी अनेक महिलाओं के लिए वरदान से कम नहीं है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

धमतरी की सायरा बानो बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले की सायरा बानो ने यह साबित कर दिया है कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का जज़्बा हो, तो कठिन से कठिन परिस्थितियाँ भी सफलता की राह नहीं रोक सकतीं। शारीरिक दिव्यांगता और अत्यंत गरीब पारिवारिक स्थिति के बावजूद सायरा बानो आज आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनकर उभरी हैं। कल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है ।

सायरा बानो पहले बेहद आर्थिक तंगी में जीवन यापन कर रही थीं। रोजगार के अभाव के कारण उनके लिए दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना भी एक बड़ी चुनौती बन गया था। ऐसे समय में उन्होंने हार मानने के बजाय आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया और रोजगार के

लिए जिला प्रशासन से मदद की अपील की।

सायरा बानो की परिस्थितियों और उनके आत्मनिर्भर बनने के जज़्बे को देखते हुए कलेक्टर श्री अविनाश मिश्रा ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और उन्हें बड़ौदा आरसेटी, धमतरी में ई-रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की। प्रशिक्षण के दौरान सायरा बानो ने पूरी लगन और मेहनत से ई-रिक्शा चलाने की तकनीक सीखी।

किसान कुंभ में गूंजेगी महिला कमांडो की आवाज, जल संरक्षण का उठाएंगी मुद्दा

■ भूजल बचाने का संदेश लेकर दिल्ली रवाना होंगी महिला कमांडो, किसान कुंभ में रखेंगी मजबूत प्रस्ताव

बालोद/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण और समाज सुधार की अनोखी मिसाल बन चुकी महिला कमांडो अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी आवाज बुलंद करने जा रही हैं। आगामी 30 और 31 मार्च को नई दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में आयोजित किसान कुंभ कॉन्क्लेव 2026 में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की महिला कमांडो की टीम शामिल होकर जल संरक्षण का बड़ा संदेश देगी।

इस सम्मेलन में बालोद सहित छत्तीसगढ़ के चुनिंदा जिलों से 15 महिला कमांडो और महाराष्ट्र के नागपुर जिले के वलनी गांव से 15 महिला कमांडो भाग लेंगी। इस प्रकार कुल 30 महिला कमांडो का प्रतिनिधिमंडल किसान कुंभ में हिस्सा लेकर भूजल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखेगा। महिला कमांडो लगातार भूजल के अनुचित दोहन को लेकर चिंता जता रही हैं। उनका कहना है कि

बड़े पैमाने पर किए जा रहे बोरवेल खनन से भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार को कठोर कानून बनाने चाहिए। किसान कुंभ में वे सरकार से यह मांग भी उठाने जा रही हैं कि बोर खनन पर यथोचित प्रतिबंध लगाया जाए और ऐसे नियम बनाए जाएं जिससे कोई व्यक्ति निजी स्वार्थ के लिए अंधाधुंध बोरवेल कराकर भूजल का दोहन न कर सके। पद्मश्री शमशाद बेगम के नेतृत्व में महिला कमांडो का 30 सदस्यीय दल 28 मार्च को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना होगा। किसान कुंभ में यह दल जल संरक्षण के महत्व और भूजल बचाने के उपायों को लेकर अपने विचार रखेगा। पद्मश्री शमशाद बेगम ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व छत्तीसगढ़ से वे स्वयं और महाराष्ट्र से योगेश अनेजा करेंगे।

संघर्ष से सफलता तकः सावित्री उरांव की प्रेरक कहानी

बिहान से सशक्त हो रहीं ग्रामीण महिलाएं समूह से जुड़कर बना रहीं अलग पहचान

■ प्रशिक्षण और वित्तीय सहयोग से बढ़ी आय, सालाना कमाई पहुंची लगभग 8 लाख रुपए

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बिहान कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं को स्व सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि आज ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि समाज में एक नई पहचान भी बना रही हैं।

कोरबा जिले में भी बिहान से अनेक महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं।

इसी कड़ी में विकासखंड करतला के ग्राम सरगबुंदिया की निवासी श्रीमती सावित्री उरांव आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। एक समय ऐसा था जब सीमित आय, आर्थिक असुरक्षा और स्थायी आजीविका के अभाव के कारण उनका जीवन संघर्षों से घिरा हुआ था। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संसाधनों की कमी के कारण जीवनयापन कठिन हो रहा था। ऐसे समय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह से जुड़ना उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जिसने उनके भीतर आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की नई आशा जगाई। बिहान कार्यक्रम के तहत श्रीमती उरांव को समय-समय पर वित्तीय साक्षरता, समूह प्रबंधन, उद्यम विकास और आजीविका संवर्धन से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान किए गए। इन प्रशिक्षणों ने उन्हें केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि आत्मनिर्भर बनने, निर्णय लेने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आत्मविश्वास भी प्रदान किया।

जिला प्रशासन एवं एनआरएलएम के सहयोग से उनके स्व सहायता समूह को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिसके अंतर्गत समूह को रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि तथा बैंक ऋण की सुविधा प्राप्त हुई। इस वित्तीय सहयोग और प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया। वर्तमान में वे कपड़ों के व्यापार सहित का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। उनके निरंतर परिश्रम, सही मार्गदर्शन और समय पर मिली वित्तीय सहायता का परिणाम है कि आज उनकी वार्षिक आय लगभग 8 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण के साथ-साथ सामाजिक सम्मान में भी वृद्धि हुई है।

स्व-सहायता समूहों से आत्मनिर्भर बन रहीं धमतरी जिले की महिलाएं

धमतरी/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिवस समाज में महिलाओं के योगदान, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव अब गांव-गांव तक दिखाई देने लगा है। धमतरी जिले में भी शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी अंचलों की महिलाएं आज स्व-सहायता समूहों से जुड़कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि परिवार और समाज में अपनी सशक्त पहचान भी बना रही हैं। जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत बड़ी संख्या में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com